हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 14 नवम्बर 2024


## उर्मिला मेमोरियल सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
200 बिस्तरों का सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल

UMH™ आयुष्मान भवः

PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH PRE ACCREDITED



हार्ट अटैक



ब्रेन स्ट्रोक

## EMERGENCY READY

आपकी आपातकालीन स्थिति में **सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा प्रदान** करने हेतु **हम तैयार हैं**



**डॉ. जिनेश जैन**
DM कार्डियोलॉजी हृदय रोग विशेषज्ञ



**डॉ. छत्रपाल साहू**
DM न्यूरोलॉजी मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ

### हार्ट अटैक के लक्षण
- छाती में जकड़न एवं कंधे में दर्द होना
- दर्द के साथ पसीना आना
- सांस फूलना
- बेचैनी महसूस होना
- भारीपन एवं छाती में जलन

### ब्रेन स्ट्रोक के लक्षण
- चेहरे का टेढ़ापन
- हाथ-पैर में कमजोरी या सुन्न होना
- बोलने में दिक्कत
- चलने में लड़खड़ाहट
- नजर का कम या दो दिखाई देना

इमरजेंसी मैनेजमेंट हेतु रेपिड रिस्पांस टीम

हृदय आघात हेतु त्वरित एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी की तुरंत सुविधा

ब्रेन हेमरेज हेतु त्वरित मरजेंसी की सर्वसुविधायुक्त

सभी इंश्योरेंस कंपनी TPA, आयुष्मान कार्ड, रेलवे, BSKY, CSEB, कोल इंडिया, एयरपोर्ट अथॉरिटी से मान्यता

जांच पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें: 0771-4088820, 9109125524, 9109125515

नहर रोड, भाठागांव, रायपुर (छ.ग.)


14
नवंबर
सरल-सहज, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी,
लोकप्रिय जन सेवक
डॉ.प्रमोद कुमार साहू
अध्यक्ष - जोन क्रं.3, न.पा.नि.रायपुर
पार्षद - महात्मा गांधी वार्ड क्रं.12 न.पा.नि.रायपुर
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
विनीत-समस्त कार्यकर्तागण, भारतीय जनता पार्टी, जिला- रायपुर

sumit

# चार नए पाठ्यक्रम प्रारंभ करेगा रविवि, पब्लिक हेल्थ में दी जाएगी मास्टर की उपाधि, योगा भी 'शुद्ध' स्वरूप में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि अगले शैक्षणिक सत्र से चार नए पाठ्यक्रम प्रारंभ करने जा रहा है। इसमें पब्लिक हेल्थ में मास्टर की उपाधि भी शामिल है। कोविड के बाद से पब्लिक हेल्थ सेक्टर में प्रबंधन तथा बढ़ते रोजगार की संभावना को देखते हुए यह पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। इसके अलावा जिन अन्य 3 पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किए जाने पर रविवि की सहमति बनी है, उसमें योगा, फॉर्मेसी और महिला अध्ययन जैसे विषय भी शामिल हैं। रविवि द्वारा उन विषयों का चयन किया गया है, जिसकी डिमांड जॉब सेक्टर में अत्यधिक है।

- फिलहाल योगा एंड फिलॉसफी में दी जाती है एमए की उपाधि

विद्या संबंधित योजना एवं मूल्यांकन बोर्ड की बैठक इस वर्ष जुलाई माह में हुई थी। बैठक में इन चार पाठ्यक्रमों को रविवि में प्रारंभ करने की अनुशंसा की गई थी। इस अनुशंसा के आधार पर ही रविवि ने इन पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की है। इन पाठ्यक्रमों के लिए सिलेबस निर्धारण, सीट संख्या तथा प्रवेश के लिए योग्यता संबंधित मापदंड आदि का निर्धारण सत्र प्रारंभ होने के पूर्व कर लिया जाएगा।

## शैक्षणिक सत्र 2025-26 से होगी शुरुआत

### अब तक योगा संग फिलॉसफी का भी अध्ययन

रविवि में योगा डिपार्टमेंट के अंतर्गत एमए इन योगा एंड फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की जाती है। इसमें योगा के साथ दर्शनशास्त्र का भी अध्ययन विद्यार्थी करते हैं। 2025 से प्रारंभ किए जा रहे एमए योगा में सिर्फ योगा की ही पढ़ाई छात्र करेंगे। शारीरिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत यह पाठ्यक्रम प्रारंभ होगा। इसके पाठ्यक्रम में दर्शनशास्त्र संबंधित विषय-वस्तु नहीं होंगे। मात्र योग शिक्षा से जुड़ी वस्तुओं को ही इसमें जगह दी जाएगी। सूत्रों के अनुसार, शारीरिक शिक्षा विभाग में भी योगा में सर्टिफिकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरु किए जाने की तैयारी है। फिलहाल योगा डिपार्टमेंट के अंतर्गत ही सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स कराए जा रहे हैं।



### लैंगिक अध्ययन को भी जगह

एमबीए इन फॉर्मास्यूटिकल मैनेजमेंट, एमए इन वीमन एंड जेंडर स्टडिज कोर्स भी नए सत्र से शुरू होंगे। एमए इन वीमन एंड जेंडर स्टडिज में महिलाओं से संबंधित मुद्दों के साथ ही लैंगिक अध्ययन को भी जगह दी जाएगी। फॉर्मास्यूटिकल मैनेजमेंट में फॉर्मेसी सेक्टर में प्रबंधन का ज्ञान विद्यार्थियों को प्रदान किया जाएगा। किस विभाग के अंतर्गत ये पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे, इसकी रूपरेखा भी रविवि तैयार कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### चाय दुकान का ताला तोड़कर चोरी

**रायपुर।** खम्हारडीह थाना में एक चाय दुकान के संचालक ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपनी चाय दुकान का ताला तोड़कर दुकान के अंदर रखे 15 हजार रुपए के सामान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक रामेश्वरी चेलक ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। रामेश्वरी ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर दुकान का ताला तोड़कर फ्रीज में रखा सामान चोरी कर ले गया।

### घर में दीया जलाने के विवाद पर दो पक्षों में मारपीट

**रायपुर।** विधानसभा थाना में घर में दीया जलाने के विवाद पर दो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक मांढर निवासी राजेश मार्कंडेय ने अमिताभ मार्कंडेय तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अमिताभ ने राजेश तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### नवजात के साथ ट्रेन से गिरी महिला, आरक्षक ने बचाई जान



**रायपुर/तिल्दा नेवरा।** ईतवारी एक्सप्रेस से गिरकर महिला नवजात शिशु के साथ गिरकर ट्रेन व प्लेटफार्म के बीच फंस गई। प्लेटफार्म पर मौजूद प्रधान आरक्षक व यात्रियों की सूझबूझ से आज दो लोगों की जान बच गई। जानकारी के अनुसार आज गाड़ी स. 12856 ईतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस तिल्दा स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 3 पर दोपहर 13.06 बजे आई। दोपहर 13.08 बजे गंतव्य के लिए रवाना होने लगी। इस दौरान एक महिला यात्री ईना यादव पति मनोज यादव उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम पौंसरी थाना सिमगा जिला बलौदा बाजार नवजात शिशु के साथ चलती गाड़ी से उतरने लगी। हड़बड़ी में वह नवजात शिशु के साथ चलती गाड़ी और रेलवे प्लेटफार्म के बीच गिरकर फंस गई। स्टेशन ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक आर.पी. जांगड़े ने सूझबूझ एवं तत्परता दिखाते हुए अन्य यात्रियों को तत्काल चेन पुलिंग करने को कहा।

### देर रात 12 से एक बजे के बीच में 2.5 का स्तर 301 से 308 के बीच रहा

# इस माह दूसरी दफा शहर की हवा जहरीली एक ही रात में पीएम स्तर 300 क्रास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी की हवा भी फिर जहरीली रही। राजधानी में मंगलवार देर रात हवा में 2.5 का स्तर 301 से 308 के बीच पहुंच गया। हवा जहरीली होने की वजह रात आठ बजे से 10 बजे के बीच आतिशबाजी को बताया जा रहा है। राहत वाली बात यह रही कि रात एक बजे के बाद हवा तेज होने के बाद पीएम 2.5 के स्तर में सुधार आया। पीएम 10 का स्तर और भी ज्यादा बुरा रहा। पीएम 10 रात एक बजे 334 पर पहुंच गया था। गौरतलब है कि राजधानी में पीएम 2.5 तथा पीएम 10 का स्तर एक नवंबर के बाद दूसरी बार ⏭ शेष पेज 18 पर


पीएम 2.5 का स्तर 500 तक, औसत से कई गुना ज्यादा जहरीली हुई राजधानी की हवा

### यहां पॉल्यूशन मीटर लगाने की जरूरत

राजधानी में एयर पॉल्यूशन मीटर वर्तमान में भाठागांव, एम्स, सिलतरा तथा कृषक नगर में लगा है। कृषक नगर में चारों तरफ हरियाली होने के साथ पेड़ों की संख्या ज्यादा है। ऐसे में वहां का एक्यूआई का स्तर हमेशा सामान्य रहता है। राजधानी के सबसे व्यस्त इलाका जयस्तंभ चौक, फाफाडीह चौक है। इन दोनों इलाकों में एयर पॉल्यूशन मीटर लगाने से पीएम 2.5 तथा पीएम 10 का स्तर और भी ज्यादा होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### इनके लिए सबसे ज्यादा घातक

एयर क्वालिटी इंडेक्स 101 से 200 के स्तर पर पहुंचने पर फेफड़ा, अस्थमा और हृदय रोग से पीड़ित लोगों के लिए ज्यादा घातक है। एयर क्वालिटी इंडेक्स बिगड़ने पर फेफाड़ा, अस्थमा तथा हृदय के मरीजों को सांस लेने में तकलीफ शुरू हो जाती है। ऐसे लोगों को साफ सुथरी ऑक्सीजन के लिए अपने घरों में एयर प्यूरीफायर लगाने की जरूरत पड़ती है। राजधानी में एक्यूआई का स्तर 116 पर पहुंच गया। एक्यूआई का स्तर लगातार खराब रहने से स्थिति और भयावह हो सकती है।

### छोटी दीपावली पर भी जमकर हुई आतिशबाजी

धनतेरस, रूप चौदस में इस बार उतनी आतिशबाजी नहीं हुई, दीपावली में जमकर आतिशबाजी हुई थी। अलग-अलग पटाखा कारोबारियों से बात करने पर उन लोगों ने बताया कि धनतेरस, रूप चौदस से ज्यादा आतिशबाजी छोटी दीपावली पर हुई है। कारोबारियों के अनुसार छोटी दीपावली पर ढाई से तीन करोड़ रुपए के बीच लोगों ने पटाखे खरीदकर आतिशबाजी की है।

### समय रहते सुधार नहीं करने पर बढ़ेगी परेशानी

राजधानी में ठंड के दिनों में हवा का स्तर खराब होता जा रहा है। जानकारों के मुताबिक हवा का स्तर खराब होने की वजह धीरे-धीरे कर हरियाली समाप्त होने के साथ व्यापक पैमाने पर नई कालोनियों के निर्माण होने के साथ खुले मैदान की कमी है। इसके कारण हवा का दबाव कम हो जाता है। इससे लोग प्रदूषित हवा में सांस लेने मजबूर होते हैं।

## अभी बड़ा बदलाव नहीं तीन दिन बाद ही तापमान में गिरावट के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में तापमान में गिरावट होने का दौर थम गया है। अगले तीन दिन बाद विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने पर उत्तरी हिस्से के न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है। अभी राजधानी में दिन और रात का तापमान डेढ़ से दो डिग्री तक अधिक है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार दक्षिण से आने वाली नमी के प्रभाव से ही तापमान में गिरावट नहीं हो रही है। पारा काफी मात्रा में ऊपर चढ़ चुका है, इसलिए इसमें और बढ़ोतरी की गुंजाइश नहीं है। अनुमान है कि अगले तीन दिन तक मौसम में बड़ा बदलाव नहीं होगा। इसके बाद उत्तरी हिस्से यानी सरगुजा संभाग से तापमान में गिरावट का दौर शुरू होगा, जिसका प्रभाव मध्य हिस्से में भी महसूस होगा। विक्षोभ की समाप्ति के बाद वातावरण से नमी की मात्रा धीरे-धीरे कम होगी। बुधवार को राजधानी के मौसम में बड़ा बदलाव नहीं हुआ। दिन में हल्के बादल रहे, जिसकी वजह से गर्मी का अनुभव हुआ। वातावरण में मौजूद नमी के कारण इसमें चिपचिपाहट भी महसूस हुई। राज्य में सर्वाधिक तापमान 34 डिग्री सुकमा ⏭ शेष पेज 18 पर



## रेत खदान की अवैध नीलामी खनिज विभाग की टीम जांच करने पहुंची गौरभाट


विभाग ने नहीं कराई नीलामी, ग्रामीणों ने एक करोड़ में बेच दिया रेत घाट, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आरंग जिले के ग्राम गौरभाट में ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से रेत खदान की नीलामी से खनिज विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग की टीम बुधवार को इस अवैध नीलामी की जांच करने गौरभाट पहुंची और यहां पंचायत के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से सोशल मीडिया में वायरल हुए विडियो से लेकर खदान की नीलामी को लेकर पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जांच में रेत खदान की अवैध नीलामी की जानकारी सही पाई गई है। हालांकि विभाग के अधिकारियों द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई है। अधिकारियों का कहना है कि जांच अभी चल रही है। जांच पूरी होने के बाद ही वे इस ⏭ शेष पेज 18 पर

### जांच की जा रही

रेत की अवैध नीलामी की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही कुछ बता पाएंगे।

- **केके गोलघाटे,** उपसंचालक, खनिज विभाग रायपुर

## मेडिकल कालेजों के अस्पतालों में इंटर्नशिप कर सकेंगे डिप्लोमा फार्मेसी के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डिप्लोमा इन फार्मेसी के विद्यार्थी मेडिकल कालेजों से संबंधित अस्पतालों में अपना इंटर्नशिप पूरा कर सकेंगे। चिकित्सा शिक्षा संचालक द्वारा इसके लिए आदेश जारी किया गया है। तीन माह की इंटर्नशिप अवधि के लिए एक फार्मासिस्ट वाले दवा खाने में चार छात्रों को अनुमति दी जाएगी।

- तीन माह की होगी इंटर्नशिप की अवधि, चार छात्र को अनुमति

डिप्लोमा इन फार्मेसी के विद्यार्थियों को अपनी तृतीय चरण की पढ़ाई के दौरान प्रेक्टिकल ट्रेनिंग या इंटर्नशिप करना अनिवार्य होता है। तीन माह की यह ट्रेनिंग लाइसेंस प्राप्त निजी मेडिकल स्टोर्स अथवा किसी भी शासकीय अस्पताल में करना होता है। शासन द्वारा इसका स्पष्ट आदेश नहीं होने की वजह विद्यार्थियों को काफी कठिनाई होती थी। स्टेट फार्मेसी काउंसिल ने सरकारी अस्पतालों में ट्रेनिंग की ⏭ शेष पेज 18 पर

### अतिरिक्त सहायता मिलेगी

डिप्लोमा फार्मेसी अध्ययन कर रहे छात्रों द्वारा शासकीय अस्पतालों में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग किये जाने से अस्पतालों में कार्यों में अतिरिक्त सहायता मिलेगी। साथ ही फार्मेसी के छात्रों को अस्पतालों में एक्सपोसर मिल सकेगा।

- **अश्विनी गुर्देकर,** रजिस्ट्रार स्टेट फार्मेसी काउंसिल




## पीआरओ सेक्शन में सन्नाटा

# स्मार्ट सिटी को नया फंड मिलना बंद 30 मार्च तक पूरे करने होंगे 11 प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को अब नया फंड मिलना बंद हो गया है। मिशन के अंतिम चरण में 11 प्रोजेक्ट को जल्द पूरा करने अफसर जुटे हैं। 30 मार्च तक इन प्रोजेक्ट को पूरा करने की मियाद तय है। राजधानी को स्मार्ट सिटी के अनुरूप संवारने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 890 करोड़ की मंजूरी मिली थी। इसमें से 790 करोड़ रुपए 312 अलग-अलग प्रोजेक्ट में खर्च किए गए। वर्तमान में 11 प्रोजेक्ट का काम अंतिम चरण पर पर चल रहा है।

देश के 100 चुनिंदा स्मार्ट शहरों में शुमार राजधानी ⏭ शेष पेज 18 पर




### अंतिम चरण पर चल रहा काम

रायपुर स्मार्ट सिटी के 11 प्रोजेक्ट का काम अंतिम चरण पर चल रहा है। 312 प्रोजेक्ट पर काम होने के बाद निगम को हैंडओवर कर दिया गया है।

- **पीके पंचायती,** महाप्रबंधक तकनीकी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

### प्रचार-प्रसार सेक्शन में सन्नाटा

सूत्रों के मुताबिक स्मार्ट सिटी के प्रचार-प्रसार विभाग में जनसंपर्क अधिकारी के इस्तीफा देने के बाद प्लेसमेंट पर काम कर रहे आधा दर्जन स्टाफ काम छोड़कर दूसरी जगह चले गए हैं। इसके चलते ⏭ शेष पेज 18 पर

### 40 तालाबों का सौंदर्यीकरण

स्मार्ट सिटी ने शहर के करीबन 40 तालाबों के सौंदर्यीकरण गहरीकरण का प्रोजेक्ट हाथ में लिया। जिसमें 100 करोड़ रुपए खर्च किए गए। इस योजना के तहत बूढ़ातालाब में ही दो फेज में तालाब सौंदर्यीकरण में 36 करोड़ खर्च हो गए। बूढ़ातालाब की सुंदरता बढ़ाने 5 करोड़ का म्यूजिकल फाउंटेन लगाया गया, जो उदघाटन के समय कुछ दिनों तक चलने के बाद से बंद पड़ा है। इसके साथ ही शहर के स्कूलों को स्मार्ट बनाने की योजना पर काम किया गया जिसमें बीपी पुजारी स्कूल, आरडी तिवारी स्कूल, शहीद स्मारक स्कूल का रिनोवेशन, नए भवन निर्माण, कक्षाओं में स्मार्ट सिस्टम लगाने, खेल मैदान विकसित करने सहित अन्य कार्य कराए गए।

हरिभूमि
रायपुर, गुरुवार 14 नवंबर 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937




“इस बार भी महादेव घाट पुन्नी मेला के लिए सजकर तैयार है। हाटकेश्वर नाथ को जल एवं मंजिरी चढ़ाने वालों का तांता कार्तिक पूर्णिमा यानी 15 नवंबर को ब्रम्ह मुहूर्त में लगने वाला है। दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए इस बार भी मेला स्थल पर गुरुवार शाम से शुक्रवार की सुबह 7 बजे तक सांस्कृतिक छटा बिखरेगी। वहीं हाटकेश्वर नाथ को पूर्णिमा तिथि में रात तीन बजे स्नान कराने के बाद वस्त्र अर्पित करते हुए श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ अरघा लगाने के बाद दर्शन के लिए पट खोला जाएगा।”

# हाटकेश्वर नाथ को जल चढ़ाने आज मध्यरात्रि लगेगा अरघा ‘बूढ़ा पूर्णिमा’ में विशेष श्रृंगार, ‘मनिहारी’ के लिए पृथक स्टॉल

## कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि से शुरू होगा तीन दिवसीय मेला, उत्सव के लिए मेला स्थल में तैयारी

**रायपुर।** खारून तट पर स्थित हाटकेश्वर नाथ महादेव के धाम में लगने वाले पुन्नी मेला के बाद से ही मेला उत्सव शुरू होता है। मंदिर के महंत सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के लिए सारी तैयारी हो चुकी है। गुरुवार मध्यरात्रि के पश्चात् मंत्रोच्चार के साथ महादेव को स्नान कराते हुए उन्हें वस्त्र अर्पित किया जाता है। फूलों से विशेष श्रृंगार करते हुए मंजिरी अर्पित की जाएगी। इसके बाद भक्तों के लिए मंदिर का पट ब्रम्ह मुहूर्त यानी 4 बजे खोला जाएगा। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए हर साल की तरह इस बार भी जल अर्पित करने के लिए अरघा लगाया जाएगा, ताकि आने वाले भक्तों को भीड़ से बचाते हुए व्यवस्था बनाई जा सके। महादेव घाट में कार्तिक पूर्णिमा के दूसरे दिन बूढ़ा पूर्णिमा पर भी विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। मुख्य मेला दो दिन का होता है। दूर-दूराज से आने वाले लोग तीसरे दिन भी धार्मिक माहौल में मेला का हिस्सा बनते हैं, इसलिए मेला तीन दिन चलता है।

### स्नान के लिए स्वच्छ पानी व घाट

महादेव घाट में स्नान के लिए इस बार नदी में पर्याप्त स्वच्छ पानी है। स्नान घाट की साफ-सफाई भी श्री महादेव घाट संरक्षण एवं विकास समिति द्वारा करवाई गई है। इसके आस-पास ही फूलों एवं पूजा सामग्री की दुकान सजाने के लिए जगह तय की गई है, ताकि स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं को पूजा सामग्री एक ही जगह मिल सके। इसके बाद मंदिर में उन्हें हाटकेश्वर नाथ का दर्शन लाभ मिलेगा। सुविधा देने के लिए भी पुख्ता इंतजाम किया है। लोगों की सुविधा के लिए वॉलंटियर्स भी सहयोग के लिए मौजूद रहेंगे। इसके लिए मंदिर के संत-महंतों ने भी अलग-अलग लोगों की जिम्मेदारी तय की है।



### मंदिर के चारों तरफ सज गया मेला

इस बार भी मंदिर के चारों तरफ मेला आकार ले चुका है। इसके लिए दुर्ग, पाटन, अमलेश्वर, रायपुरा के सैकड़ों छोटे-बड़े दुकानदारों ने स्टॉल सजाने के साथ व्यावसाय के लिए खान-पान की सामग्री सजाई है। जहां मेला घूमने के लिए आने वाले लोगों को खुशनुमा माहौल देने के लिए बाजार भी सजकर तैयार है। इनमें महिलाओं के लिए मनिहारी सामानों के साथ ही बच्चों के लिए खिलौने की दुकानें इस बार भी मंदिर के आस-पास ही सजाई गई है। जहां हर वह सामग्री इस बार लोगों को मिलने वाली है, जिसके लिए लोग मेले का इंतजार करते हैं। इस मेले के बाद परंपरागत रूप से आयोजन शुरू होंगे।



### मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

कार्तिक पुन्नी मेला आयोजन समिति इस बार भी गुरुवार शाम 6 बजे दिव्य महाआरती का आयोजन करने वाली है। सांस्कृतिक आयोजन की प्रस्तुति शाम 7 बजे शुरू होगी। चर्चित सिंगर कविता वासनिक व अर्जुन्दा लोकरंग द्वारा गीत-संगीत की महफिल रातभर सजाई जाएगी। पिंकेश्वर साहू ने बताया, इसके लिए सांस्कृतिक मंच सजाया गया है। अतिथियों के लिए अलग से मंच तैयार किया गया है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव और कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप करेंगे। इसमें सांसद बृजमोहन अग्रवाल के साथ ही विधायक पुरन्दर मिश्रा, मोतीलाल साहू भी शामिल होंगे।

### ड्रैगन ट्रेन, टॉवर झूले के लिए अलग जोन

हर साल की तरह इस बार भी बच्चों के साथ ही हर वर्ग के लिए अलग-अलग तरह के झूलों का लोग लुत्फ उठा सकें, इसके लिए अलग से झूला जोन भी तैयार किया गया है। दानिश ने बताया, विगत 18 साल से पुन्नी मेले में झूले के लिए अलग जोन तैयार करता आ रहा हूं। इस बार टॉवर झूला के साथ टोराटोरा, नाव झूला, ब्रेक डांस झूला के साथ ही चांद-तारा झूले का भी लोग लुत्फ उठा सकेंगे। ड्रैगन ट्रेन भी इस बार लोगों के लिए तैयार किया गया है। लोगों की सुरक्षा के लिहाज से एक्सपर्ट की टीम भी झूला जोन में मुस्तैद रहेगी। जो समय-समय पर तकनीकी दिक्कत न आए, इसलिए जांच भी करेगी।



### खान-पान के लिए चौतरफा सजे स्टॉल

*हटकेश्वर नाथ मंदिर के आस-पास खान-पान के लिए चौतरफा स्टाल बुधवार की शाम तक सज चुके थे। कमलेश साहू ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी नमकीन, पेठा, मिठाई, अनरसा, जलेबी जैसे कई तरह के व्यंजनों को परोसने की तैयारी है। वहीं सालिक राम ने बताया कि मेले में चार्ट और गुपचुप की मांग ज्यादा रहती है। इसे देखते हुए मेला आयोजन समिति ने इस बार दुकान सजाने के लिए अवसर दिया है। इसके अलावा आइसक्रीम के अलावा गन्ना रस, चाय-नास्ता के साथ आने वाले लोगों को भोजन की सुविधा देने के लिए होटल भी खुले हैं। खिलौने की दर्जनों दुकानें सजाई गई हैं।*

---

**समाज लाइव**

## विपश्यना ध्यान केन्द्र में जर्मन नागरिक, सीख रहे जीवन गुर



**रायपुर।** जो अंतर्मुखी हैं और इस शरीर के भीतर निहित संवेदनाओं को जानने और समझने के साथ स्वभाव को समझते हुए राग-द्वेष से बाहर निकलना चाहते हैं, द्वेष की भावना को अपने स्वभाव से बाहर निकालना चाहते हैं, उनका मंगल होता है। कुछ इसी तरह की भावना को जागृत करने में विपश्यना साधना शिविर कारगर है। ये जानकारी विपश्यना आचार्य सत्यनारायण गोयन्का ने लोगों को दी। दस दिवसीय आवासीय ध्यना साधना केन्द्र धम्मकुटी में लोगों को हर दिन वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए प्रवचन भी दिया जा रहा है। इसके साथ साधकों के लिए 7 से 18 नवंबर तक रायपुर के केन्द्री सिंगारभाठा में ध्यान साधना शिविर लगाया गया है।

### नया सत्र का 8 दिसंबर से

इस शिविर का संचालन केंद्र के आचार्य सीताराम साहू कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार जर्मनी से आए 38 वर्षीय पेड्रो कार्डोसों सहित 17 पुरुष एवं 15 महिलाएं साधना के व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक पक्ष को समझ रहे हैं। लोगों की जिज्ञासा को देखते हुए इस निःशुल्क आवासीय शिविर के आगामी सत्र का आगाज अब सहायक आचार्य गंगाराम प्रजापति 8 दिसंबर से करेंगे। इसमें शामिल होने वालों के लिए सर्वसुविधा युक्त आवास का निर्माण भी किया गया है।

**सिटी लाइव**

## सफाईकर्मी के रूप में कार्य करते हैं गिद्ध, छग में 6 प्रजातियां



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वन विभाग द्वारा 15 नवंबर को नवा रायपुर स्थित अरण्य भवन में गिद्ध संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न राज्यों से गिद्ध संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे विशेषज्ञ छत्तीसगढ़ में गिद्धों के संरक्षण पर चर्चा करने के लिए एकत्रित होंगे। इस कार्यशाला में विशेषज्ञ और शोधार्थी अपने अनुभव साझा करेंगे और मध्य भारत विशेषकर छत्तीसगढ़ में गिद्ध संरक्षण के क्षेत्र में रणनीति पर अपने सुझाव प्रस्तुत करेंगे। बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी, बर्ड काउंट इंडिया जैसी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। इस कार्यशाला का उद्देश्य न केवल छत्तीसगढ़ में बल्कि पूरे देश में गिद्ध संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और गिद्ध संरक्षण में सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देना है।

### संक्रमण रोकने में सहायक

छत्तीसगढ़ के इंद्रावती टाइगर रिजर्व, अचानकमार टाइगर रिजर्व, बस्तर और गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व और अन्य वन्यजीव अभयारण्यों में गिद्धों की छह प्रजातियां पाई जाती हैं, जिसमें लॉन्ग बिल्ड वल्चर, व्हाइट रम्प्ड वल्चर, इजिप्शियन वल्चर, हिमालयन वल्चर, यूरेशियन वल्चर, और सिनेरियस वल्चर शामिल हैं। छत्तीसगढ़ वन विभाग द्वारा इन प्रजातियों के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए यह कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जो राज्य में गिद्ध संरक्षण प्रयासों को नई दिशा देने का प्रयास करेगा। जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर ने बताया, गिद्ध जैव विविधता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वे पर्यावरण में प्राकृतिक सफाईकर्मी के रूप में कार्य करते हैं और संक्रमण फैलने से रोकने में सहायक होते हैं। गिद्धों की संख्या में कमी के कारण पर्यावरण में जैविक असंतुलन उत्पन्न हो सकता है।

**इवेंट लाइव**

## बौद्धिक दिव्यांग एथलीट स्पर्धा में भारत का नेतृत्व करेंगे इबानन



**रायपुर।** जब परिवार में कोई सदस्य समान्य बच्चों के मुकाबले कमजोर हो तो माता-पिता को उसके उज्ज्वल भविष्य की चिंता रहती है। लेकिन कई कमियों के बाद भी बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं होती। राजधानी के इबानन साहू ने उन माता-पिता व बच्चों के लिए मिसाल पेश किया है, जो अपने आप को कमजोर समझते हैं। इबानन को ओलंपिक एशिया-पैसिफिक में बॉलिंग प्रतियोगिता के लिए भारत के प्रतिनिधित्व स्वरुप चयन किया गया है। यह प्रतियोगिता एशिया-पैसिफिक क्षेत्र के बौद्धिक दिव्यांग एथलीटों के लिए आयोजित की गई है। इसका आयोजन 18-23 नवंबर को नई दिल्ली में होगा।

### मानसिक दिव्यांगों को किया जाता है शिक्षित

आकांक्षा लायंस इंस्टिट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एंपावरमेंट संस्था के अमितोष तिवारी ने जानकारी यह साझा की। चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर ने कहा, संस्थान का संचालन बीते 20-21 साल से निरंतर किया जा रहा है। यहां मानसिक रुप से कमजोर बच्चों को शिक्षित किया जाता है। इबानन साहू संस्थान का छात्र है, जो लगभग 7-8 सालों से यहां से जुड़ा हुआ है। 23 वर्षीय छात्र का चयन होने के बाद बुधवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर साधना नायक, प्राचार्य प्रतिष्ठा शुक्ला व छात्र के परिजन उपस्थित रहे।

---

## पेंटिंग के जरिए समझाया सही और गलत दिनचर्या में फर्क गिनाए योग, आहार में संतुलन और मीठा त्यागने के फायदे







**विश्व मधुमेह दिवस पर कलाकारों ने तैयार किए आकर्षक पोस्टर**

रायपुर। महाकौशल कला परिषद द्वारा ‘विश्व मधुमेह दिवस’ के अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर कला प्रदर्शनी का आयोजन शाम 6 बजे किया गया। महाकोशल आर्ट गैलरी में आयोजित प्रदर्शनी में 50 कलाकारों ने 58 पोस्टर का निर्माण किया। उद्घाटन समारोह में कालकार राजेश स्वर्णकार उपस्थित रहे। यह आयोजन छग महाविद्यालय, लायंस क्लब फैंड्स, ग्रेटर एवं महाकौशल कला परिषद के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। नियमित व्यायाम, आहार में संतुलन, मीठे का ताज्य, योग और मधुमेह, दैनिक जीवन में योग का महत्व, मधुमेह को नियंत्रित करने के घरेलू उपाय, मधुमेह के नुकसान, मधुमेह के प्रकार, मधुमेह और नींद, आंखों व लीवर पर प्रभाव जैसे विषयों पर चित्र तैयार किए गए। प्रदर्शनी को चार विभाग में विभाजित किया गया। इसमें युवा, बाल, महिला एवं व्यवसायिक कलाकार शामिल रहे।

### दूसरे राज्य से भी शामिल होने पहुंचे कलाकार

प्रदर्शनी में मुंबई, लखनऊ, बेंगलुरू व राजधानी के कलाकार शामिल रहे। मुंबई से मनीष महानंद, भोपाल से आदित्य जैन, लखनऊ से घनंजय पंवार, बेंगलुरू से नियति वत्स ने हिस्सा लिया। वहीं प्रदेश से सिंह भंगल, उमेश चोपकर, असीम प्रताप, चंद्रकांत साहू, प्रीति लच्छवानी, अशोक अदनानी, ऋष्टि भट्टाचार्या, नियति वत्स, तृणा विश्वास, मीनल पुजारी, तरूण वंशपाल, नीता परमार शामिल हुए। महाकौशल कला परिषद के डॉ.प्रवीण शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा, पोस्टर कला प्रदर्शनी में कलाकारों ने आकर्षक चित्र तैयार किए। जिसमें व्यक्ति के सही और गलत दिनचर्या का चित्र देखने को मिला।

## साइबर क्राइम पर चर्चा करेंगे हैकर्स, जुटेंगे न्यायिक अधिकारी

**रायपुर।** हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से ‘साइबर कानून और महिलाएं : एक महत्वपूर्ण विश्लेषण’ पर रीजनल कंसल्टेशन की मेजबानी करेगा। यह कार्यक्रम साइबर कानूनों और महिलाओं के अधिकारों के बीच महत्वपूर्ण चुनौतियों और अवसरों की जांच पर केंद्रित होगा। परामर्श में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 25 विशेषज्ञों का एक पैनल को बुलाया जाएगा, जिसमें आईपीएस अधिकारी, न्यायिक अधिकारी, विधि के प्रोफेसर, वरिष्ठ वकील, एनजीओ प्रतिनिधि और एथिकल हैकर्स शामिल होंगे, जो सभी साइबर कानून और सुरक्षा के विशेषज्ञ हैं। इस कार्यक्रम में विधि के छात्रों, फैकल्टी मेंबर्स और अन्य प्रोफेशनल्स सहित लगभग 50 से अधिक लोग भाग लेंगे, जो आज के डिजिटल परिदृश्य में महिलाओं के सामने आने वाली साइबर-संबंधित चुनौतियों पर व्यापक चर्चा करेंगे। इस परामर्श का प्राथमिक उद्देश्य जेंडर और साइबर कानूनों के अंतर्संबंध का पता लगाना, वर्तमान कानूनी ढांचे का मूल्यांकन करना और उन कमियों की पहचान करना है, जो ऑनलाइन महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण में बाधा बनती है। इन चर्चाओं से प्राप्त अंतर्दृष्टि और सिफारिशों को एक रिपोर्ट में संकलित किया जाएगा और मंत्रालय और अन्य संबंधित अधिकारियों को प्रस्तुत किया जाएगा, जो महिलाओं की सुरक्षा के लिए साइबर कानूनों और नीतियों को मजबूत करने के चल रहे प्रयासों में योगदान देगा। उद्घाटन आईपीएस एसआरपी कल्लूरी एवं राष्ट्रीय महिला आयोग की उप सचिव मोनिका यादव करेंगे।

---

**साइंस कॉलेज ग्राउंड आदिवासी लोक नृत्य महोत्सव के लिए सजकर तैयार**

**कार्नर न्यूज**

## प्लाईवुड से बनाई माता गुड़ी की डोली, देशभर के लोक परब की बिखरेगी छटा, ‘रेट-किनॉन्ग’ व ‘गेह पदम ए ना-न्यी’ सरीखे लोकनृत्य

**रायपुर।** आदिवासी लोक कला एवं संस्कृति की झलक इस बार साइंस कॉलेज मैदान में शुरू होने वाले दो दिवसीय महोत्सव में देखने को मिलेगी। इसके लिए बुधवार को तैयारी का दौर दिनभर चला। शासन-प्रशासन के जिम्मेदार जहां व्यवस्था बनाने में जुटे नजर आए।कारीगर मंगल साय बघेल अपनी टीम के साथ महोत्सव स्थल पर एक स्टॉल में आदिवासियों की आस्था से जुड़ी माता गुड़ी की डोली को आकार देते मिले। उन्होंने प्लाईवुड, कील व फेविकोल की मदद से देवगुड़ी का आकर्षक मंदिर बनाया है। चर्चा में बताया कि इसे बनाने का उद्देश्य यहां घूमने के लिए आने वाले लोगों को जनजातिय आस्था और गौरव का एहसास कराना है। लौहड़ीगुडा से आए मंगल ने इस आकर्षक झांकी को दिनभर में तैयार करने की जानकारी दी। उन्होंने रंगीन पेपर और कपड़े की मदद से आधा दर्जन गौर सिंग तैयार करके स्टॉल पर सजाया है।

### देर शाम पहुंचा बस्तर और असम का नर्तक दल



जनजातिय गौरव दिवस एवं अंतराष्ट्रीय आदिवासी लोक नृत्य महोत्सव के लिए साइंस कॉलेज ग्राउंड में आकर्षक मंच भी सजकर तैयार है। जहां शौर्य, लोक कला, संस्कृति की वैभवशाली विरासत और विकास की झलक 14 व 15 नवंबर को देखने को मिलेगी।




इसके लिए देर-शाम तक बस्तर और असम का नर्तक रायपुर दल पहुंचा। इनके द्वारा दो दिन चलने वाले सांस्कृतिक महोत्सव में लोकनृत्य की झलक पेश की जाएगी। इसके लिए आयोजन स्थल पर भव्य मंच आकार ले चुका है। एक तरफ जहां प्रस्तुति दी जाएगी, वहीं दूसरी तरफ आने वाले अतिथियों के लिए सर्व सुविधायुक्त गेस्ट रूम तैयार किए गए हैं। जहां रुकने के बाद अतिथि आयोजन में शामिल होंगे।

### समय से पहले पहुंचकर अभ्यास

शाम 5 बजे 20 युवा नर्तकों का दल असम से साइंस कॉलेज ग्राउंड पहुंचा। उन्होंने बताया कि कारवी लोक नृत्य के साथ रीजिम फोक की प्रस्तुति दी जाएगी। समय से पहले पहुंचने से हमें प्रैक्टिस के लिए समय मिलेगा। इससे महोत्सव में प्रस्तुति और बेहतर करने में मदद मिलेगी। वहीं बस्तर के बासतानार की टोली से जुड़े गणेश राम मंडावी की टोली महोत्सव में पारंपरिक वेशभूषा में गौर नृत्य की प्रस्तुति देने वाली है। किलेपाल से आए नर्तक दल के प्रमुख पिलाराम नाग लेजा परब का एहसास मंच से लोगों को कराने वाले हैं। उन्होंने बताया कि रात में रायपुर पहुंचने से दिन में तैयारी करने का अवसर मिलेगा, इससे प्रस्तुति से पहले तैयारी कर सकेंगे।

### राजधानी में जनजातीय गौरव दिवस में लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगे पूर्वोत्तर राज्यों के कलाकार

जनजातीय गौरव दिवस पर राजधानी रायपुर में 14-15 नवम्बर को आयोजित दो दिवसीय अंतरराज्यीय आदिवासी नृत्य उत्सव में असम के कलाकार रेट-किनॉन्ग और अरुणाचल प्रदेश का दल ‘गेह पदम ए ना-न्यी’ लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगे। उत्सव में शामिल होने रायपुर पहुंचने पर रेलवे स्टेशन पर कलाकारों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। असम के कारबी जनजाति के लोक नृत्य ‘रेट-किनॉन्ग’ में वहां की आदिम कृषि परंपरा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाता है। अरुणाचल प्रदेश के आदि जनजाति के लोक नृत्य ‘गेह पदम ए ना-न्यी’ में परंपरागत रूप से सूत कातने और बुनकरों के रूप में महिलाओं की अहम भूमिका को रेखांकित किया जाता है।

## सिटी लाइव

# कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा गरिमा सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण



**रायपुर।** एम्स रायपुर की आंतरिक शिकायत समिति ने कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा को बढ़ावा देने और यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में संकाय सदस्य, छात्र और स्टाफ ने भाग लिया, जहां अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रचनात्मक चर्चा करने का अवसर मिला। मुख्य अतिथि शमिता चक्रवर्ती ने यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए नैतिक और प्रक्रियात्मक उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने एक सम्मानजनक वातावरण बनाने में मानवीय मूल्यों, नैतिक आचरण और बुनियादी शिक्षा की भूमिका पर जोर दिया और बताया कि किस प्रकार नैतिक और आध्यात्मिक सिद्धांतों का समावेश एक निवारक दृष्टिकोण के रूप में कार्य कर सकता है।

### एम्स प्रबंधन देगा समर्थन

एम्स निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने कहा, एम्स में किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न के प्रति जीरो टॉलरेंस है। पुरुष स्वास्थ्यकर्मियों को हमेशा महिला मरीजों की जांच किसी अन्य महिला की उपस्थिति में ही करनी चाहिए। कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिला कर्मचारियों, चिकित्सकों और छात्रों को विश्वास के साथ किसी भी चिंता की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया और यह भी आश्वासन दिया कि उन्हें संस्थान का पूर्ण समर्थन प्राप्त है। कार्यक्रम में एम्स रायपुर के लगभग 700 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी, चिकित्सक और छात्र उपस्थित रहे।

## कैंपस लाइव

# 186 अंकों संग रायपुर प्रथम भाटापारा को मिले 88 अंक



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में 11 से 13 नवंबर तक आयोजित पूर्व क्षेत्रीय अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह कृषि महाविद्यालय के स्पाट्‌र्स कॉम्पलेक्स में किया गया। इस अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित पूर्व जोन के 7 महाविद्यालय के लगभग 270 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में कृषि विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा उपस्थित रहे। पूर्व क्षेत्रीय अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता में 186 अंक प्राप्त कर कृषि महाविद्यालय ओवर ऑल चैम्पियन रहा। वहीं 88 अंक के साथ कृषि महाविद्यालय, भाटापारा ओवर ऑल द्वितीय स्थान पर एवं 50 अंक के साथ कृषि महाविद्यालय, मर्रा पाटन ओवर ऑल तृतीय स्थान पर रहा।

### रायपुर के छात्रों का दबदबा

अंतर महाविद्यालयीन खेल-कूद प्रतियोगिता में विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अक्षय कुमार को प्रथम एवं कृषि महाविद्यालय रायपुर के जरनीश कुमार को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय भाटापारा की संध्या नेताम को प्राथम एवं कृषि महाविद्यालय रायपुर की बसंती नेताम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। अधिकतर स्पर्धाओं में रायपुर के ही विद्यार्थियों ने बाजी मारी।

## सिटी इवेंट

# गौरी-गौरा पूजन पश्चात विसर्जन झांकी में छलका उत्साह, लिया आशीर्वाद





रायपुर। देवउठनी एकादशी के उपलक्ष्य में तुलसी विवाह के साथ ही गौरा-गौरी की झांकी भी निकाली गई। सुबह से देर रात तक रस्में निभाई गईं। बिरगांव के बंजारी नगर में सुबह से गौरी-गौरा पूजा उत्सव की रस्मों को निभाने का सिलसिला चल रहा था। इसी कड़ी में श्री श्री शिव शक्ति परिवार से जुड़े लोग चुलमाटी, हल्दी-तेल और मंडप सजाने में लगे रहे। हर साल की तरह प्रकाश ध्रुव की अगुवाई दिलीप परिहार, उमेन्द्र यदु, राजू वर्मा, प्रदीप ध्रुव सहित मोहल्ले के लोग हर साल की तरह इस आयोजन को उत्सव का रूप देने में लगे थे। रातभर धूमधाम से विवाह की सभी रस्में निभाई गईं।

### विधि-विधान से दी विदाई

सुबह 11 बजे धुमाल की थाप पर गौरी-गौरा की विदाई के लिए भव्य झांकी सजाई गई। इस दौरान गौरी-गौरा का दर्शन करने के लिए लोग आतुर नजर आए। जिस रास्ते से भी विसर्जन झांकी गुजरी, महिलाएं घरों के सामने माता गौरी से परिवार की सुख-समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना करते हुए आशीष लेते नजर आईं। जगह-जगह विसर्जन यात्रा को रोकने के बाद युवाओं का समूह उत्साह से नाचते हुए आगे बढ़ा। खदान डबरी तालाब में गौरा-गौरी को विसर्जन से पहले विधि-विधान से पूजा अर्चना करने के बाद उत्सव का समापन किया गया।

● सुबह 7 बजे से ही शुरु हुई मतदाताओं की कतार, देर शाम तक केंद्रों में रौनक

# 24 वर्षों में पहली बार दक्षिण विधानसभा में उप चुनाव, यूथ वोटर्स ने कहा-फेसबुक और इंस्टा पोस्ट में किए वादों के आधार पर किया चयन

### उम्र 70 वर्ष, प्रत्येक चुनाव में कर रही हैं मतदान



श्याम कोर बाई ने बताया, वर्तमान में मेरी उम्र 70 वर्ष है। चुनाव के दौरान वोट देना मेरी जिम्मेदारी है, जिसे मैं प्रत्येक चुनाव में पूर्ण करती हूं। कई बार तबीयत खराब होने के कारण घर के बच्चे मतदान केंद्र जाने से मना करते हैं, लेकिन मैं हमेशा मतदान केंद्र जाती हूं।

### 75 साल में भी कम नहीं हुआ जोश



तिजिया बाई ध्रुव ने बताया, वर्तमान में मेरी उम्र 70-75 साल है। विवाह पूर्व से मतदान करती आ रही हूं। शादी के बाद भी निरंतर हर चुनाव में वोट दे रही हूं। अधिक उम्र होने के बाद यातायात में समस्या होती है, लेकिन घर के सदस्यों की मदद लेकर मतदान केंद्र तक पहुंचती हूं।

### नए प्रत्याशियों को मौका देना जरुरी



तेजश्वनी दुबे ने बताया, राजनीति में पहले से ही रुचि है। जिसके कारण सभी मुख्य पार्टी के सदस्यों के कार्यों को देखकर मतदान किया है। मेरे अनुसार नए प्रत्याशियों को मौका देना जरुरी है, जो यूथ के विकास के लिए कार्य करे।

*दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए सुबह 7 बजे से मतदान का सिलसिला जारी हुआ, जहां मतदाता अपने मनपसंद प्रत्याशियों को वोट देते नजर आए। देर शाम 6 बजे तक मतदान केंद्रों में मतदाताओं की भीड़ देखने को मिली। इस दौरान टिकरापारा शासकीय स्कूल, कुशालपुर, महामाया मंदिर रोड, कालीबाड़ी दानी गर्ल्स स्कूल, पुरानी बस्ती सरस्वती शिशु मंदिर, मठपुरैना सहित दक्षिण विधानसभा के अनके स्थानों पर मतदान बूथ तैयार किए गए।*




**रायपुर।** विधानसभा उपचुनाव के दौरान सभी बूथ में युवा और बुजुर्ग दोनों ही मतदाताओं की संख्या देखने को मिली। आयोजित उप चुनाव के परिणाम जल्द ही जारी किए जाएंगे, जहां सभी प्रत्याशी अपने पार्टी के जीत का दावा कर रहे हैं। मतदान केंद्र में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता अपने परिजन, ऑटो, व्हीलचेयर के सहारे से मतदान बूथ तक पहुंचे। सभी बूथों में सुबह से लंबी कतार भीड़ रही, जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक देखने को मिली। दोपहर होते ही युवा व बुजुर्ग मतदाताओं की भीड़ बढ़ती गई। बूथों में युवा मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक देखने को मिली, जो मतदान कर उत्साहित नजर आए। हरिभूमि से विशेष बातचीत में उन्होंने बताया कि उप चुनाव को लेकर उनकी क्या उम्मीदें और वे इसे किस तरह से देख रहे हैं।

### पहली बार मिला वोट देने का मौका



आयुषी ठाकुर ने बताया, वर्तमान में मेरी उम्र 19 वर्ष है। दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के दौरान पहली बार वोट देने के मौका मिला। वोट के लिए प्रत्याशी का चयन शहर व क्षेत्र में विकास करने के उद्देश्य से दिया है। जो चुनाव में जीतने के बाद लोगों की भी समस्या सुनने पहुंचे और कम से कम समय में लोगों की समस्या का निवारण करे।

### कार्य के आधार पर चयन



मुस्कान सिंहा ने बताया, वर्तमान में मेरी उम्र 20 वर्ष है। पहली बार चुनाव में मनपसंद प्रत्याशी को मतदान देने का अवसर मिला। जिसका चयन उसके कार्य व विकास करने की सोच को बढ़ावा देने पर दिया गया है।

### सभी पार्टियों ने अपलोड किए हैं वीडियो



सुजल पंसारी ने बताया, विधानसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने का मौका मिला। चुनाव के दौरान प्रत्याशियों का चयन ऑनलाइन माध्यम से किया। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में सभी पार्टी के कार्य व वादों के अनेक वीडियो अपलोड हैं, जिसके अनुसार ही वोट दिया गया है।



संगीतमयी शाम ने दर्शकों का मन मोह मोहा

# इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स का 'लव मैशअप' रैट्रो गानों में खोए एनआईटी प्रोफेसर्स

**रायपुर।** एनआईटी के 'रागा-द म्यूजिक क्लब' ने बुधवार को "श्रुति 2024" का आयोजन किया, जिसने पूरे परिसर को संगीतमयी धुनों से मंत्रमुग्ध कर दिया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों, फैकल्टी सदस्यों और अन्य दर्शकों ने संगीतमयी प्रस्तुतियों का आनंद लिया। महोत्सव का उद्घाटन निदेशक डॉ.एनवी रमना राव ने किया। रागा क्लब के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ.एस सान्याल, डॉ.नितिन जैन, डॉ.आयुष खरे, डॉ.नितेश भारद्वाज सहित अन्य फैकल्टी मेंबर्स और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### भक्तिमय गीतों से शुरुआत

शुरुआत भक्तिमय गीतों के साथ हुई। इसमें गणेश वंदना प्रस्तुत की गई, जिसने पूरे माहौल को पवित्र और शुभ बना दिया। इस संगीतमयी संध्या में लव मैशअप सहित गुजारिश.., अभी मुझमें कहीं.., क्रेजी किया रे... और 90 के दशक के रेट्रो मैशअप पेश किए गए। इन गीतों के माध्यम से भारत की विविध सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाया गया। इसमें हिंदी, अंग्रेजी और दक्षिण भारतीय क्लासिकल संगीत का सुंदर मिश्रण देखने को मिला।

### विविधता में एकता का एहसास

कार्यक्रम के अंतर्गत पेश किए गए कई गीतों ने दर्शकों को भारत की विविधता में एकता का एहसास कराया और प्रत्येक प्रस्तुति ने दर्शकों को संगीत की यात्रा पर ले जाकर उनकी यादों को ताजा कर दिया। इन प्रस्तुतियों ने न सिर्फ मनोरंजन किया, बल्कि समाज के हर वर्ग को एक साथ जोड़ा, आपसी भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया। यह महोत्सव संगीतमयी प्रस्तुतियों के साथ लोगों के दिलों में एक खास छाप छोड़ने में सफल रहा।

# रैंप पर उतरे मेडिकल स्टूडेंट्स ब्यूटी पेजेंट जीतने अजमाइश




**रायपुर।** चिकित्सा महाविद्यालय के छात्रों ने कला प्रदर्शन में जब अपनी कलाकृतियां पेश की, तो हर कोई उन्हें निहारता हुआ नजर आया। मौका था बालाजी चिकित्सा महाविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा आयोजित कला प्रदर्शनी कलांजली का। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में कला प्रदर्शनी में जान डाल दी। रंगोली, मेहंदी, कैलीग्राफी, स्केच एवं स्पाट पेंटिंग, बेस्ट ऑफ वेस्ट के साथ-साथ अन्य कई विधाओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया। स्टॉफ द्वारा निर्मित पेंटिंग भी आकर्षण का केन्द्र रही। कला प्रदर्शनी के साथ वार्षिक सांस्कृतिक समारोह 'अविरल' भी बुधवार से प्रारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पं.जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विवेक चौधरी थे। अध्यक्षता एसबीआईएमएस के चेयरमैन डॉ. देवेन्द्र नायक रहे।

### तेजस और रिजा ने अपने नाम किए ब्यूटी पेजेंट

स्पर्धा के आखिर में शाम का मुख्य आकर्षण फैशन शो पैजेंट था। जिसमें विभिन्न आकर्षण परिधान में छात्र एवं छात्राएं रैंप पर वॉक करते नजर आए। मिस्टर एवं मिस एसबीआईएमएस स्पर्धा भी आकर्षण का केंद्र रही। तेजस नायक और रिजा खान को इसमें विजेता चुना गया। संगीत स्पर्धा के निर्णायक डॉ.छाया बैनर्जी, डॉ.केतन शाह एवं डॉ संचिता निहाल रहे। फैशन शो पेजेंट के निर्णायक डॉ.सुनील खेमका, डॉ.मोनिका अग्रवाल और डॉ.गीता अग्रवाल रहे।

शीत ऋतु में देवउठनी के साथ ही समाज प्रारंभ करेंगे परिचय सम्मेलन का सिलसिला

# शुरु होगा मिलन समारोह का दौर, वैवाहिक परिचय संग सामाजिक कार्यों की बनेगी रूपरेखा, होगी स्पर्धा

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** सामाजिक संस्थाओं द्वारा अनेक त्योहार हर्षोल्लास के साथ सामूहिक रूप से मनाया जाता है। इसमें होली, तीज, दीपावली मुख्य त्योहारों में शामिल है। दीपावली पर्व के बाद सामाजिक संस्थाओं द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन प्रारंभ कर दिया गया है, जिसमें समाज के वरिष्ठ व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसमें नामदेव, सतनामी, पंजाबी, मराठी व ब्राम्हण समाज के सदस्य समारोह का आयोजन करने जा रहे हैं। सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों ने बताया, प्रत्येक वर्ष त्योहार के उपलक्ष्य में सामूहिक रुप से कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर प्रदेश व शहर स्तर के सदस्यों को आमंत्रित किया जाता है। जहां कई प्रतियोगिताओं व कार्यक्रमों का आयोजन मनोरंजन के उद्देश्य से किया जाता है।



### 16 केंद्रों के सदस्य होंगे शामिल

महाराष्ट्र मंडल द्वारा 16 नवंबर को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा। इस दौरान मंडल के 16 केंद्रों की महिलाएं व अन्य सदस्यगण उपस्थित रहेंगे। समारोह का आयोजन मंडल के सभागार में सुबह से किया जाएगा। जहां सभी केंद्रों के पदाधिकारी एवं दो सौ से अधिक सदस्य मौजूद रहेंगे।

### फैंसी ड्रेस, रंगोली बनाओ जैसी स्पर्धाएं

श्री नामदेव समाज विकास परिषद् द्वारा 17 नवंबर को संत नामदेव जन्मोत्सव व दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा। पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर भवन में आयोजित कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 7:30 बजे तक जारी रहेगा। जहां थाली सजाओ, फैंसी ड्रेस, रंगोली बनाओ, कुर्सी दौड़ व संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष योगाचार्य केएल नामदेव, प्रांतीय अध्यक्ष राजेश नामदेव, प्रांतीय महिला अध्यक्ष सुषमा नामदेव, नितिन नामदेव उपस्थित रहेंगे।

### युवक-युवती सम्मेलन में जुटेंगे कई प्रांत से सदस्य

छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा द्वारा दो दिवसीय दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 16-17 नवंबर को पंजाब केसरी भवन में आयोजित किया जाएगा। यहां 16 नवंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक युवक-युवती सम्मेलन रखा गया। दूसरे दिन 17 नवंबर को समाज के सदस्यों द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है।

### जयंती समारोह की बनेगी रूपरेखा

सतनामी समाज द्वारा 17 नवंबर को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। राजेन्द्र नगर स्थित गुरु घासीदास अकादमी भवन में दोपहर 2 बजे से आयोजन किया जाएगा। इस दौरान 18 दिसंबर को आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह पर भी बैठक किया जाना है, जहां समाज के वरिष्ठ सदस्यगण मौजूद होंगे।

### निशुल्क होगा विकलांग युवक युवतियों का सामूहिक विवाह

अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद, कान्य कुब्ज सभा एवं शिक्षा मंडल, मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल, सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम की संयुक्त बैठक 17 नवंबर को सुबह 11:00 बजे से आशीर्वाद भवन बैरनबाजार में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में मुख्य रूप निशुल्क विकलांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन व सामूहिक विवाह के आयोजन पर चर्चा के अलावा अन्य सामाजिक सेवाओं पर भी विचार विमर्श होगा। अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद छत्तीसगढ़ प्रांताध्यक्ष सत्येन्द्र अग्रवाल, महामंत्री संतोष तिवारी व कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने सभी सेवाभावियों से बैठक में अपनी महती उपस्थिति का निवेदन किया है।



# सालों पहले कई परिवार कर चुके पलायन, 45 की मृत्यु हो चुकी फिर भी मतदाता

दामिनी बंजारे ▶▶| रायपुर

अलग खबर

बूढ़ापारा वार्ड में बीस साल पहले आबाद रहने वाले उड़िया पारा की बस्ती अब खत्म हो चुकी है। यहां रहने वाले कई परिवार पलायन कर चुके हैं और कई रहवासियों की मृत्यु हो चुकी है। चौंकाने वाली बात यह है कि दक्षिण विधानसभा के चुनाव के दौरान इनके साथ मोहल्ले में वर्तमान मतदाताओं की संख्या 1059 बताई गई है।

रायपुर दक्षिण विधानसभा में उपचुनाव के तहत मंगलवार को मतदान प्रक्रिया पूरी हुई है। यहां से तीन उम्मीदवार चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। विधानसभा के बूढ़ापारा वार्ड में एक ऐसा भी मोहल्ला है जिसे उड़िया पारा के नाम से एक वक्त में जाना जाता था। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों द्वारा यहां वर्तमान मतदाताओं की संख्या 1059 दशाई गई है। खास बात यह है कि 12 से 15 ऐसे घर हैं, जहां अब वर्तमान में कोई निवास नहीं रहता। लोगों की संख्या का अंदाजा लगाया जाए, तो लगभग 150 से अधिक लोग ऐसे हैं, जो अब नहीं रहते। वार्ड क्रमांक 45 के अंतर्गत आने वाले 58 नंबर बूथ के प्रभारी मोहम्मद मुनीरूद्दीन ने बताया कि निर्वाचन की लिस्ट में 45 लोग ऐसे हैं, जिनकी मृत्यु कई साल पहले ही हो गई है और कई सालों पहले ही घर छोड़ कर चले गए हैं।

## 20 साल पहले खत्म हो चुकी उड़िया पारा की बस्ती, निर्वाचन लिस्ट में 1059 मतदाता

### जब कोई रहता ही नहीं तो कैसे बढ़ेगा वोट प्रतिशत

इसी बस्ती में रहने वाले 86 वर्ष के बुजुर्ग बताते हैं कि एक वक्त हुआ करता था, जब यहां लोगों की बड़ी भीड़ नजर आती थी। अब कई सालों से घरों में ताला ही लटका हुआ है, कोई भी पर्व जब होता था, तो हम सब धूमधाम से मिलकर उस पर्व को सेलिब्रेट करते थे। आज पूरे मोहल्ले में सन्नाटा पसरा हुआ है, कई ऐसे लोग हैं जो कई सालों से यहां नजर ही नहीं आए हैं। साथ ही हरिभूमि की टीम के मताधिकार के प्रयोग करने के सवाल पर कहा, जब लोग यहां कभी आते ही नहीं हैं, तो वह वोट डालने भला क्यों आएंगे। हमें तो अब यह लगता है कि हम आखिर कहां रहें, क्योंकि पूरा मोहल्ला खाली नजर आने लगा है।





### व्यवसायीकरण हो रहा

इसी बस्ती में कई साल पहले रहने वाले एक व्यक्ति का कहना है कि पूरा क्षेत्र ही कमर्शियल क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। इसके चलते दुकानों की संख्या भी काफी ज्यादा हो चुकी है। अब लोग अपने घरों को बेचकर जा रहे हैं, जहां उनके इन्हीं घरों पर अब बड़े-बड़े कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है। आज हम भी उस जगह को बेचकर दूसरी जगह निवास कर रहे हैं। मोहल्ले से दूर रहने वाले कई ऐसे भी लोग हैं, जो अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए यहां तक पहुंचाना भी लाजमी नहीं समझते।

## खबर संक्षेप

### ननकाना साहेब में गुरु पर्व मनाने सिक्ख जत्था रवाना

**रायपुर।** गुरुनानक देव जी के जन्मोत्सव मनाने राजधानी से ननकाना साहेब पाकिस्तान सिक्खों का जत्था रवाना हुआ। लखवानी सिंह मुल्तानी के नेतृत्व में यह जत्था अमृतसर के बाघा बार्डर से पाकिस्तान प्रवेश कर 10 दिनों तक ननकाना साहेब, पंजा साहेब, सच्चा सौदा, डेरा साहेब लाहौर, करतारपुर, रोड़ी साहेब के गुरुद्वारों के दर्शन कर 26 नवंबर को रायपुर वापस लौटेगा। तीर्थयात्रा जत्थे का जयघोष के साथ यात्रा की कुशलता के कामना के साथ रवाना किया गया।

### दिल्ली में लोक कलाकार का सम्मान

**रायपुर।** दिल्ली के राजभवन में अंचल के लोककलाकार डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर का दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सम्मान किया। कार्यक्रम में लोककला सांस्कृतिक मंच के कलाकारों ने सुंदर प्रस्तुति देकर आमंत्रित जनों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में दिल्ली के मुख्यमंत्री विशेष रूप से उपस्थित रही।

### नेता प्रतिपक्ष ने वोरा के निधन पर शोक जताया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने वरिष्ठ पत्रकार गोपाल वोरा के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इसे पत्रकारिता जगत के लिये अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने रायपुर से प्रकाशित नवभारत, देशबंधु सहित सभी प्रमुख समाचार पत्रों एवं लोकमत नागपुर के लिए लंबे समय तक पत्रकारिता की। उन्होंने परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# दक्षिण में अब तक का सबसे कम मतदान

शाम 6 बजे तक 50.50 प्रतिशत रहा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर बुधवार को मतदान पूरा होने के साथ ही चुनाव मैदान पर उतरे 30 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। उनकी किस्मत का फैसला 23 नवंबर को मतगणना के बाद होगा। सुबह 7 बजे शुरू हुआ मतदान दोपहर तक धीमा रहा। मतदान केंद्रों में कम संख्या में मतदाता पहुंचे। दोपहर बाद इसमें तेजी आई। मतदाताओं में उत्साह की कमी देखी गई। मतदान शुरू होने के दो घंटे बाद सुबह 9 बजे तक 8.23 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था। शाम 6 बजे तक 50.50 प्रतिशत वोट डाले गए। बताया जाता है कि यह मतदान का अब तक का सबसे कम प्रतिशत है।

विधानसभा क्षेत्र के 266 मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शांति पूर्ण हुआ। एक-दो स्थानों पर भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। सुरक्षा बलों ने यहां पर मामला संभाला और मतदान सुचारू रूप से कराया। सुबह कम वोटिंग के बाद दोपहर में वोट का प्रतिशत कुछ बढ़ा, लेकिन इसके बाद 3 बजे तक वह ऐसा ही रहा। शाम 5 बजे तक वोटिंग प्रतिशत 46.43 प्रतिशत रहा। शाम 6 बजे तक क्षेत्र के अधिकतर मतदान केंद्र में मतदान करने वालों की भीड़ देखी गई। क्षेत्र में 11 बजे तक 18.73 मतदान हुआ। दोपहर 1 बजे मतदान का प्रतिशत बढ़कर 28.37 फीसदी और तीन बजे तक 39.23 प्रतिशत रहा। पांच बजे तक 46.43 प्रतिशत मतदान हुआ। शाम 6 बजे तक निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़े के अनुसार मतदान का प्रतिशत 50.50 रहा।






### भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशियों ने किया मतदान

*इसी बीच भाजपा रायपुर दक्षिण प्रत्याशी सुनील सोनी ने मुहूर्त में मतदान किया। भाजपा प्रत्याशी सोनी ने अपने परिवार के साथ महाराणा प्रताप स्कूल एडवर्ड रोड में मतदान किया। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार आकाश शर्मा ने सुबह अपने परिवार के साथ मतदान किया। आकाश शर्मा सुंदरनगर पोलिंग बूथ पर अपनी मां, पत्नी, और बहनों के साथ मतदान करने पहुंचे थे।*

### दानी स्कूल में कांग्रेस-भाजपा में झड़प

मतदान के दौरान रायपुर के दानी गर्ल्स स्कूल मतदान केंद्र पर जबरदस्त हंगामा हुआ। भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। बताया जा रहा कि भाजपा का गमछा पहनकर मतदान केंद्र के अंदर जाने और महापौर एजाज ढेबर के फूड पैकेट बांटने को लेकर भाजपा-कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में विवाद हो गया। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की और मतदान प्रक्रिया में व्यवधान डालने की कोशिश की। घटना के बाद तत्काल पुलिस बल को मौके पर भेजा गया और भारी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया गया। पुलिस ने बीच-बचाव कर स्थिति को काबू में किया और दोनों पक्षों को शांत करने की कोशिश की। हालांकि, इस हंगामे के कारण मतदान प्रक्रिया में कुछ समय के लिए देर हुई।

# नई औद्योगिक नीति का विमोचन आज करेंगे सीएम

## पहली बार एआईऔर रोबोटिक्स उद्योगों के लिए प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार शाम नवा रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 का विमोचन करेंगे। खास बात ये है कि इस नीति में पहली बार राज्य में निवेश के आधार पर आर्टिफिशियल इंटीलिजेंस(एआई) और रोबो टिक्स, एंड कंप्युटिंग(जीपीयू) से संबंधित नए उद्योगों के लिए कई प्रावधान किए गए हैं।

### कार्यक्रम में जुटेंगे मंत्री और नेता प्रतिपक्ष

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 14 नवम्बर को शाम 6.30 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मेफेयर लेक रिसार्ट में आयोजित कार्यक्रम में राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 का विमोचन करेंगे। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव और विजय शर्मा कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, खेल मंत्री टंकराम वर्मा, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### ये हैं खास प्रावधान

नई औद्योगिक नीति में निवेश प्रोत्साहन में ब्याज अनुदान, लागत पूंजी अनुदान, स्टाम्प शुल्क छूट, विद्युत शुल्क छूट. मूल्य संवर्धित कर प्रतिपूर्ति का प्रावधान है। नई नीति में मंडी शुल्क छूट, दिव्यांग (निःशक्त) रोजगार अनुदान, पर्यावरणीय प्रोजेक्ट अनुदान, परिवहन अनुदान, नेट राज्य वस्तु एवं सेवा कर की प्रतिपूर्ति के भी प्रावधान किये गये हैं। इस नीति में फार्मास्यूटिकल, टेक्सटाईल, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण तथा गैर काष्ठ वनोत्पाद (एनटीएफपी) प्रसंस्करण, कम्प्रेस्ड बॉयो गैस, ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, आर्टिफिशियल इंटीलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स एण्ड कम्प्यूटिंग (जीपीयू), आईटी, आईटीईएस, डेटा सेंटर, जल विद्युत परियोजनाओं, सौर ऊर्जा परियोजनाओं आदि के लिए आकर्षक पृथक औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन का प्रावधान है। राज्य के कोरबा-बिलासपुर-रायपुर को देश के औद्योगिक मानचित्र में स्थान दिलाने के लिये इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर की स्थापना का प्रावधान है। नई औद्योगिक नीति के निर्माण के लिए उद्योग विभाग द्वारा संबंधित सभी हितपक्षों, औद्योगिक संगठन, औद्योगिक समूहों, संबंधित विभागों के साथ एक वर्ष तक संवाद एवं गहन विचार-विमर्श कर तैयार किया गया है।

# छत्तीसगढ़ रेरा के प्रावधान को केंद्र ने सराहा, सभी राज्यों को लिखा पत्र

केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री ने पत्र लिखकर ऐसे प्रावधान का दिया सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत सरकार के आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल द्वारा देश के सभी मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कॉमन एरिया पंजीयन के लिए निर्धारित शुल्क में कमी किये जाने का उदाहरण देते हुए अन्य राज्यों, केन्द्रशासित प्रदेशों में भी ऐसा प्रावधान करने का सुझाव दिया है।

वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा परियोजनाओं में सामान्य क्षेत्र (कॉमन एरिया) को बिल्डर द्वारा रहवासी सोसाइटी के पक्ष में हस्तांतरण के लिए शुल्क में कमी करते हुए स्टाम्प शुल्क केवल दस हजार रुपये तथा पंजीयन शुल्क केवल पांच हजार रुपये प्रावधान किया गया है, जिससे कि आम नागरिकों को वित्तीय बोझ नहीं हो तथा कॉलोनी का प्रभार रहवासी सोसाइटी को सुगमता पूर्वक हस्तांतरित किया जा सके। देश की विकास की बढ़ती रफ्तार के साथ-साथ रियल एस्टेट सेक्टर में भी तीव्र गति से प्रगति हो रही है। छत्तीसगढ़ देश के उन चुनिंदा राज्यों में शामिल है, जहां इस सेक्टर के विकास के लिए बहुत संभावनाएं हैं।

### 500 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र विकसित करने पंजीयन

छत्तीसगढ़ में भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) का गठन वर्ष 2017 में किया गया था। तब से लगातार रेरा द्वारा इस सेक्टर के विनियमन एवं विकास हेतु प्रयास किया जा रहा है। अधिनियम के प्रावधान अनुसार किसी भी बिल्डर को विक्रय के लिए 500 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र विकसित करने अथवा आठ से अधिक अपार्टमेंट निर्माण करने से पहले रेरा में रजिस्टर्ड किया जाना आवश्यक है।

# पहले दिन 118 उपार्जन केंद्रों में 2115 टोकन कटे, 81988.80 क्विंटल धान की होगी खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान की खरीदी गुरुवार से शुरू होने जा रही है। रायपुर जिले में धान बेचने के लिए किसानों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। यह उत्साह है कि पहले दिन जिले के 139 उपार्जन केंद्रों की तुलना में 118 केंद्रों में 2115 टोकन कट चुके हैं। इन कटे टोकन के तहत किसानों से 81988.80 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी।

### ऑफलाइन टोकन ज्यादा कटे

विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार धान बेचने के लिए किसानों द्वारा ऑनलाइन एप की तुलना में ऑफलाइन समितियों में जाकर टोकन ज्यादा कटवाए गए हैं। जिले के 118 उपार्जन केंद्रों में 2115 टोकन में ऑफलाइन 1062 एवं ऑनलाइन एप के माध्यम से 1053 टोकन कटे हैं। ऑफलाइन में किसान समितियों में जाकर टोकन कटाए हैं। इस तरह धान की मात्रा भी ऑफलाइन टोकन कटाने वाले किसानों की ज्यादा है। इसके तहत 42758.00 क्विंटल तथा ऑफलाइन से 39230.80 क्विंटल धान किसानों द्वारा बेचा जाएगा।

### उपार्जन केंद्रों में तैयारी पूरी

खाद्य विभाग के अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि धान खरीदी के लिए जिले के समस्त उपार्जन केंद्रों में पूरी तैयारी कर ली गई है। इस तैयारी के तहत गुरुवार से धान की खरीदी भी शुरू हो जाएगी। धान बेचने के लिए किसानों में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है। धान की कटाई कर चुके किसानों ने धान बेचने के लिए टोकन लेना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे धान की कटाई बढ़ेगी, वैसे-वैसे उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी भी बढ़ेगी।




























## खबर संक्षेप

### डाक अदालत 21 को

रायपुर। प्रवर अधीक्षक डाकघर रायपुर संभाग द्वारा 21 नवंबर को डाक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्टेशन रोड स्थित कार्यालय में सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। इस डाक अदालत में डाक वस्तुओं का वितरण, काउंटर सेवाएं से संबंधित शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

## निधन

### गोपाल वोरा



रायपुर। बूढ़ापारा निवासी वरिष्ठ पत्रकार गोपाल वोरा (81) का 13 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। वे राजेश वोरा और मनीष वोरा के पिता थे। उन्होंने राजधानी से प्रकाशित विभिन्न समाचार पत्रों में अपनी सेवाएं दी थीं और रायपुर प्रेस क्लब के संस्थापक सदस्यों में से थे और कई बार पदाधिकारी भी रहे।

### माया देवी तोलवानी



रायपुर। साईं विस्ता अमलीडीह निवासी माया देवी तोलवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 14 नवंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे किशोर तोलवानी की माता थीं।

# चार मरीजों की आंखें पूरी तरह ठीक होने का इंतजार, 13 की हो चुकी घर वापसी

## दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में मोतियाबिंद सर्जरी का हुआ था साइड इफेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चार मरीजों की आंखें पूरी तरह ठीक होने का डाक्टर इंतजार कर रहे हैं। संक्रमण बढ़ने के बाद 17 मरीजों को दंतेवाड़ा से आंबेडकर अस्पताल लाया गया था, जिसमें से 13 की घर वापसी हो चुकी है। इन मोतियाबिंद की सर्जरी के बाद सामने आई लापरवाही से सीख लेते हुए राज्य की ओर से सभी को ऑपरेशन से पहले कल्चर टेस्ट कराने की सख्त हिदायत दी गई है।

अंधत्व निवारण अभियान के तहत राज्य में हर साल सवा से डेढ़ लाख मोतियाबिंद की सर्जरी की जाती है। इसके तहत पिछले माह दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में भी व्यापक रूप से ऑपरेशन किए गए थे। ऑपरेशन के बाद वहां से मोतियाबिंद हटवाने वाले मरीजों की आंखों में संक्रमण आने लगा था। किसी की आंखें सूज रही थी, तो किसी की लाल होने के साथ दर्द होने लगा था। मामला गड़बड़ाने के बाद मरीजों को दंतेवाड़ा से सीधे आंबेडकर अस्पताल भेज दिया गया था। यहां तीन से चार दिनों के भीतर 17 मरीज पहुंचे, जिनका नेत्र रोग विभाग में विशेष सुविधा देकर इलाज पूरा किया गया। जिनकी आंखों का इंफेक्शन कम हो रहा था, उन्हें छुट्टी देना भी शुरू कर दिया गया था। अब तक आंबेडकर अस्पताल में इलाज के बाद ठीक हो चुके 13 मरीजों को वापस उनके घर भेजा जा चुका है।

### गाइडलाइन का किया जा रहा है पालन

इन मरीजों का संक्रमण पुराना होने की वजह से काफी हद तक फैल गया था, जिन्हें दवा के साथ सर्जरी की जरूरत भी पड़ी थी। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग के अभियान पर सवाल खड़े किए जा रहे थे। अंधत्व निवारण अभियान की नोडल अफसर डॉ. निधि अत्रीवाल ने बताया कि मोतियाबिंद सहित अन्य सर्जरी करने वालों को सख्त निर्देश जारी किया गया है कि किसी तरह की शिविर लगाने अथवा ऑपरेशन करने से पहले ओटी के कल्चर टेस्ट के साथ तय गाइडलाइन का पूरी तरह का पालन किया जाए।



### फालोअप स्थानीय स्तर पर

जिन मरीजों को इलाज के बाद वापस अपने घर भेज दिया गया है, उनके फालोअप की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर की गई है। दंतेवाड़ा जिला अस्पताल के साथ अन्य डाक्टरों को उनकी नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए हैं और उनकी प्रोग्रेस रिपोर्ट राज्य स्तर के अधिकारियों को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश हैं। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी मरीज की आंखों की रोशनी नहीं गई है।

## प्राधिकरण ने परिसर को जर्जर घोषित करने जिला प्रशासन को लिखा पत्र

# फूल चौक की आरडीए बिल्डिंग और तहसील कार्यालय के पास वाली पुरानी बिल्डिंग खस्ताहाल, रीडेवलपमेंट का प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण के फूलचौक स्थित पुराना व्यावसायिक कांप्लेक्स और कमिश्नरी आफिस के पास वाली पुरानी बिल्डिंग खस्ताहाल स्थिति में है। प्राधिकरण ने इन दोनों बिल्डिंग को जर्जर घोषित करने जिला प्रशासन को पत्र लिखा है। जिला प्रशासन ने लोक निर्माण विभाग के डिवीजन 2 को इसकी तकनीकी जांच कर रिपोर्ट देने कहा है। तकनीकी जांच में संबंधित परिसर यदि जर्जर घोषित हुआ, तो रायपुर विकास प्राधिकरण दुकानदारों की सहमति लेकर इन परिसरों के रीडेवलपमेंट प्लान पर काम कर सकता है।



### रीडेवलपमेंट का प्लान है

फूलचौक और हनुमान मंदिर के पास स्थित दोनों व्यावसायिक परिसर काफी पुराने हो चुके हैं, इसके रीडेवलपमेंट का प्लान है। वेंडरों से बातचीत की है, उनकी सहमति के बाद ही प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। हनुमानमंदिर वाले व्यावसायिक परिसर में इसकी पासिबलिटी ज्यादा है।
**- प्रतीक जैन,** सीईओ, रायपुर विकास

दरअसल, रायपुर विकास प्राधिकरण का शारदा चौक स्थित व्यावसायिक परिसर करीब पांच दशक पुराना है। इसी तरह कमिश्नरी आफिस के पास वाला बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर भी काफी पुराना हो चुका है। इसमें कई दुकानें और दूसरी मंजिल पर नगर एवं ग्राम निवेश विभाग का संयुक्त संचालक कार्यालय संचालित हो रहा है। इस बिल्डिंग के अलग-अलग हिस्से में छज्जे टूटने लगे हैं। मरम्मत के अभाव में दोनों की व्यावसायिक परिसर जर्जर स्थिति में हैं। सूत्रों के मुताबिक फूल चौक मार्ग स्थित आरडीए बिल्डिंग परिसर में जगह-जगह लोहे की छड़ें दिखने लगी हैं। अब लोक निर्माण विभाग की तकनीकी जांच में परीक्षण करने से यह पता चलेगा कि बिल्डिंग तोड़ने लायक है या मरम्मत से काम चलाया जा सकता है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है, आरडीए ने अपनी दोनों जगह के पुराने व्यावसायिक परिसर की खस्ताहाल स्थिति को देखते हुए इसे जर्जर भवन घोषित करने जिला प्रशासन को पत्र भेजा है। तकनीकी जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी।

# दोस्त का फेक डीपी लगाकर कारोबारी से पांच लाख रुपए की ठगी

## कारोबारी ने दोस्त समझकर जालसाज को दिल्ली में दिलवाए पांच लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाना में एक कारोबारी ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ अपने दोस्त का फेक डीपी लगाकर पांच लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कारोबारी द्वारा अपने दोस्त से वापस पैसे मांगे जाने पर ठगी का खुलासा हुआ। कारोबारी के साथ दिल्ली के जालसाज ने ठगी की है।

पुलिस के मुताबिक सुन्नी जुमनानी ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। सुन्नी ने पुलिस को बताया है कि वह सोलर पैनल का काम करता है। पुनीत परवानी उसके भाई बंटी का दोस्त है। सुन्नी के अनुसार उसके भाई के पास आठ नवंबर को एक वाट्सएप कॉल आया। वाट्सएप कॉल की डीपी में पुनीत का फोटा लगा था। कॉल करने वाले ने दिल्ली में जरूरी काम होने का झांसा देकर पांच लाख रुपए की मांग की। बंटी को लगा कि पुनीत को दिल्ली में पैसों की जरूरत होगी। इसके बाद बंटी ने कॉल करने वाले को चांदनी चौक के एक कारोबारी से पैसे दिलवाए।



### सोशल मीडिया से चोरी की फोटो

पुलिस के अनुसार जालसाज सोशल मीडिया से लेकर सभी जगह सक्रिय होकर ठगी के लिए नए शिकार तलाशते हैं। पुलिस ने आशंका व्यक्त की है कि कोई अज्ञात जालसाज बंटी के किसी सोशल मीडिया ग्रुप में फेक आईडी से दोस्ती कर बंटी के परिचित के साथ दोस्तों की जानकारी हासिल की होगी। जानकारी हासिल करने के बाद जालसाज ने पुनीत की फोटो निकालकर अपने मोबाइल की डीपी लगाकर बंटी को कॉल कर ठगी का शिकार बनाया।

# छात्रा को घसीटने वाले ऑटो की सीसीटीवी से शिनाख्त की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर फार्मेसी छात्रा का पैर जिस ऑटो में फंसकर कटा था, पुलिस उस ऑटो वाले की शिनाख्ती की कोशिश करने की बात कह रही है। घटना के बाद पुलिस को सीसीटीवी फूटेज में चार से पांच संदिग्ध ऑटो के फूटेज मिले हैं। सीटीवी फूटेज में दिख रहे ऑटो में से किस ऑटो ने युवती की एक्सीडेंट किया है। पुलिस उस ऑटो को वेरिफाई करने के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।


रविवि के सामने दर्दनाक हादसा, फार्मेसी छात्रा को आटो ने दूर तक घसीटा, कट गया दाहिना पैर
आटो वाले की लापरवाही का खामियाजा जीवनभर भुगतेगी छात्रा

गौरतलब है कि मंगलवार दोपहर सहेली के साथ नाश्ता करने जा रही संतोषी नगर निवासी प्रियंका प्रजापति ऑटो में फंसकर दूर तक घिसटती चली गई। इस दौरान युवती का पैर ऑटो में फंसकर कट गया, जिसे डॉक्टरों ने पुनः जोड़ने में असमर्थता जताई है। घटना के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। घटना के समय आसपास उपस्थित लोग ऑटो का नंबर नोट नहीं कर पाए, इस वजह से ऑटो वाले की पहचान करने पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्यक्षदर्शी पुलिस को केवल ऑटो का कलर बता पाए हैं। लोगों द्वारा बताए कलर के आधार पर पुलिस सीसीटीवी में दिखे ऑटो की पहचान का प्रयास करने की बात कह रही है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-16, सारागांव तहसील धरसींवा, जिला रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**
दिनांक 11.11.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अजय बाफना पिता स्व. पी.सी. बाफना निवासी मालवीय नगर, दुर्ग, जिला दुर्ग द्वारा आवेदित ग्राम ..... प.ह.नं. .... राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 16 सारागांव स्थित खसरा नंबर 100, 107 कुल रकबा 0.2430 हे. का सीमांकन न्यायालय नायाब तहसीलदार धरसींवा के आदेश दिनांक 08.11.2024 के परिपालन में दिनांक 21.11.2024 को समय 12:00 के पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 23 के बरौदा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर-16 (सारागांव)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-16, सारागांव तहसील धरसींवा, जिला रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**
दिनांक 11.11.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका के.आर. जैन पिता करमचंद जैन सा. इन्द्रावती कालोनी, रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम परसुलीडीह प.ह.नं. 23 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 16 सारागांव स्थित खसरा नंबर 148/1, 148/2 कुल रकबा 0.5090 हे. का सीमांकन न्यायालय नायाब तहसीलदार धरसींवा के आदेश दिनांक 08.11.2024 के परिपालन में दिनांक 22.11.2024 को समय 12:00 के पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 23 के बरौदा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर-16 (सारागांव)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-16, सारागांव तहसील धरसींवा, जिला रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**
दिनांक 11.11.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका संतोष गोलछा पति जवाहर गोलछा निवासी रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम परसुलीडीह प.ह.नं. 23 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 16 सारागांव स्थित खसरा नंबर 82, 83, 91, 99,101 कुल रकबा 0.810 हे. का सीमांकन न्यायालय नायाब तहसीलदार धरसींवा के आदेश दिनांक 08.11.2024 के परिपालन में दिनांक 22.11.2024 को समय 12:00 के पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 23 के बरौदा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर-16 (सारागांव)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 6539 दिनांक 07.07.2009 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में स्वतंत्र भवन क्रमांक- **पी3बी - 804 को श्री उमेश नायक पिता स्व. श्री भोजराज नायक** के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 19.07.2013 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में **श्री उमेश नायक पिता स्व. श्री भोजराज नायक**, निवासीः- ई-19, पारिजात एक्सटेंशन, नेहरू नगर, बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्री सागर चन्द्राकर पिता श्री पोखन लाल चन्द्राकर**, निवासीः- मकान नं. 124, वार्ड नं. 09, अघरिया पारा, कुसमी, पोस्ट- साल्हेभाठा, तहसील व जिला - महासमुंद (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- **पी3बी - 804** के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर(छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक-1916 दिनांक 26.05.2015 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर - 29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक- **एच.आई.जी प्रीमियम - 366**, को **श्री टीकम सिंह महीष पिता स्व. श्री सी.आर. महीष**, के नाम ऑफर आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक **01.03.2016** को सेलडीड (विक्रय विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर उक्त स्वतंत्र भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में **श्री टीकम सिंह महीष पिता स्व. श्री सी.आर. महीष**, निवासीः- शैलेन्द्र अपार्टमेंट फेस-3 के पास वार्ड नं. 7. बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त स्वतंत्र भवन को अपने नाती **(नाबालिक) हिमशिखर सिन्हा पिता श्री निर्मल सिन्हा** को दान करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक - **एच.आई.जी प्रीमियम - 366**, को दान के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर(छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 6586 दिनांक 24.07.2012 के द्वारा नवा रायपुर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- **एल.आई.जी. फ्लैट, तृतीय- तल- 23/307, को श्री निखिल खांडेकर पिता श्री मोतीलाल खांडेकर**, के नाम स्व- वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 13.12.2015 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में **श्री निखिल खांडेकर पिता श्री मोतीलाल खांडेकर**, निवासीः- एकता नगर, सेक्टर-01, बी-18, गुढ़ियारी तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता **श्रीमती आरती कटोलकर पति श्री महेन्द्र कुमार कटोलकर एवं महेन्द्र कुमार कटोलकर पिता श्री मुनीराम कटोलकर**, निवासीः- डाडगाँव दादगॉव, भटगांव, जिला मुंगेली (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर-29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- **एल.आई.जी. फ्लैट, तृतीय-तल-23/307**, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर(छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1735 दिनांक 13.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक- **एच. आई. जी - 11/73 को श्री अमोल डाहाके पिता श्री सुरेश डाहाके**, के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 22.05.2015 को लीजडीड (पट्टा विलेंख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में **श्री अमोल डाहाके पिता श्री सुरेश डाहाके**, निवासीः- टैगोर नगर, नियर साई मंदिर, टैगोर नगर रायपुर, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्री राहुल शेंडे पिता श्री दशरथ नाथू शेंडे**, निवासीः- अविनाश कांउटी, सेक्टर-30, नवा रायपुर अटल नगर, तहसील - आरंग, जिला - रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- **एच.आई.जी- 11/73**, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मये दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर(छ.ग.)**

## शोक-संदेश



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि आदर्श विद्यालय, टाटीबंध, रायपुर में कार्यरत संस्कृत शिक्षक **श्री देव सिंह सिन्हा जी** का स्वर्गवास 10 नवम्बर 2024 को हो गया है। जिसके श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सपरिवार सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करें ।

**स्व. देव सिंह सिन्हा**
जन्म- 02.06.1967 स्वर्गवास- 10.11.2024

**दशगात्र कार्यक्रम**
दिनांक 14-11-2024, गुरुवार, स्थान : ग्राम- कुरुद, ब्लॉक-आरंग, जिला-रायपुर
तालाब कार्यक्रम- दोपहर 12 बजे संपन्न होगा ।

:: शोकाकुल ::
गाँधीराम, सुरेस, टेकु, दुकालु, रोहित, प्रेमलाल, पवन, प्यारे, संतोष, छबी, नरेश, धनेश्वर, भूपेन्द्र, गेंदलाल एवं समस्त सिन्हा परिवार।

:: विनीत ::
कमलाबाई सिन्हा (पत्नी)
कविता सिन्हा (पुत्री)
जया सिन्हा (पुत्री)
शिखा सिन्हा (पुत्री)

नोट- जिन सज्जनों को शोक पत्र नही मिला हो, कृपया इसे ही शोक संदेश समझे।























विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# एमडी-एमएस एडमिशन, तीन साल के नियमित डाक्टरों को बोनस अंक, बांडेड को छूट नहीं

## पंजीयन का काम पूरा, मेडिकल पीजी में 22 से 28 नवंबर तक पहले दौर का एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पंजीयन का काम पूरा होने के बाद चिकित्सा विभाग द्वारा एमडी-एमएस के प्रवेश के लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। राज्य की 281 सीटों पर पहले दौर का प्रवेश 22 से 28 नवंबर के बीच होगा। इस बीच प्रवेश लेने वाले अनुसूचित क्षेत्रों के तीन साल के नियमित डाक्टरों को बोनस अंक देने पर सवाल उठाए जा रहे हैं। दो साल की अनुबंध सेवा देने वाले विद्यार्थियों को इसका लाभ नहीं दिया जा रहा है।

जानकारी अनुसार राज्य में नौ मेडिकल कालेज में पीजी की सीटों पर एडमिशन होगा। पंजीयन के बाद मेरिट लिस्ट तैयार करने सीटों का आवंटन तथा एडमिशन प्रक्रिया पूरी करने में चिकित्सा शिक्षा विभाग जुटा हुआ है। एडमिशन की पूरी प्रक्रिया 29 जनवरी तक पूरी किए जाने का संभावित शेड्यूल जारी किया गया है। नियम के मुताबिक पीजी प्रवेश में अनुसूचित क्षेत्रों के सीएचएसी, पीएससी में लगातार तीन साल सेवा देने वाले नियमित और संविदा डाक्टरों को तीस फीसदी अंक बोनस के रूप में दिए जाने का नियम है। छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन ने चिकित्सा शिक्षा संचालक को ज्ञापन देकर उन्हीं इलाकों में दो साल की अनुबंध सेवा देने वाले चिकित्सा अधिकारियों की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। डाक्टरों का कहना है कि बांडेड डाक्टर उसी तरीके की ड्यूटी करते हैं, मगर उनके लिए बोनस अंक का प्रावधान नहीं है, जबकि उन्हें भी इसका लाभ मिलना चाहिए।

### तीन साल का आय प्रमाण पत्र, विकल्प की मांग

एडमिशन की प्रक्रिया के दौरान ओबीसी वर्ग के छात्रों से तीन साल का आय प्रमाणपत्र दिए जाने की मांग की जा रही है। डाक्टरों का कहना है कि सर्टिफिकेट बनाने की प्रक्रिया ऑनलाइन होती है इसलिए बैक डेट में सर्टिफिकेट तैयार नहीं किया जा सकता। इस नियम में बदलाव कर दो साल का सर्टिफिकेट जैसा विकल्प दिए जाने की डिमांड भी डीएमई से की गई है।



### जमीन बंधक रख आठ ने मांगी एनओसी

पीजी एडमिशन के लिए दो साल की बांड ड्यूटी करने वाले आठ चिकित्सा अधिकारियों ने 25 लाख प्रापर्टी के कागजात अथवा एफडी के कागज बंधकर रखकर संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं से पढ़ाई शुरू करने के लिए अनुमति मांगी है। इनमें चार ने जमीन और चार ने बैंक की एफडी के कागज अपने शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत किया है। ग्रामीण सेवा में अनुबंध का करार का पालन करने के लिए यह नियम बनाया गया है।

## खबर संक्षेप



### एमजीएम स्कूल में साइबर अपराध के लिए कार्यशाला

**रायपुर।** नशा विरोधी अभियान तथा कार्रवाई के लिए पुलिस निजात अभियान चला रही है। इसी कड़ी में सिविल लाइंस सीएसपी प्रशिक्षु आईपीएस अजय कुमार ने एमजीएम स्कूल में छात्रों के साथ अन्य स्कूली छात्रों को निजात अभियान का उद्देश्य बताते हुए नशा एवं अपराध से दूर रहकर कड़ी मेहनत से शिक्षा प्राप्त कर जीवन में आगे बढ़ते रहने को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, नशा जीवन को अंधकार के कुएं में ले जाता है। सीएसपी केशरी नंदन नायक ने नशा से होने वाले दुष्परिणाम के साथ साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए। आयोजन में विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थी नशा विरोधी विषय पर ड्रॉइंग, नारा एवं निबंध प्रतियोगिता में शामिल हुए। बच्चों को पुलिस अधिकारियों ने प्रशस्ति पत्र देकर एवं मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया।

### ओमाया गार्डन में मनाया दीपावली मिलन



**रायपुर।** उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा वीआईपी रोड स्थित ओमाया गार्डन में गत दिनों दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उद्योगपतियों ने सपरिवार आकर अपनी उपस्थिति दर्ज की और विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों का आनंद लिया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष अश्विन गर्ग ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस दीपावली पर हम सभी को अपने पर्यावरण की रक्षा और स्वच्छता का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में तंबोला (हॉउजी), म्युजिकल नाईट, लक्की ड्रॉ, फन गेम्स, बच्चों के गेम्स, सभी सदस्यों के लिए गिफ्ट्स और स्वादिष्ट व्यंजनों का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में विनोद कुमार केजरीवाल, विवेक अरोड़ा, नीरज अग्रवाल, अशोक कुमार गोयल, दीपक भीमसरिया, जेपी अग्रवाल आदि शामिल थे।

# 4 लाख से अधिक सदस्यों का ई-केवाइसी नहीं

## पंजीकृत कार्डों में 80 प्रतिशत से कम वाली राशन दुकानों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

ई-केवाइसी नहीं कराने वाले राशन कार्ड सदस्यों का दिसंबर से नाम कटना शुरू हो जाएगा। इसे देखते हुए खाद्य विभाग अब राशन दुकानों में पंजीकृत कार्डों के सदस्यों द्वारा कितना प्रतिशत ईकेवाइसी कराया गया है, इसका रिकॉर्ड खंगाल रहा है। इसके तहत जिन राशन दुकानों में पंजीकृत सदस्यों का 80 प्रतिशत से कम केवाइसी हुआ है, उनके संचालकों से विभाग द्वारा नोटिस जारी कर जवाब मांगा जा रहा है। इस नोटिस पर संचालकों को जानकारी देनी होगी कि आखिर वे कौन से कारण हैं, जिससे पंजीकृत सदस्यों ने केवाइसी नहीं कराया है, क्योंकि विभाग में ऐसी भी शिकायतें मिल चुकी हैं कि राशन दुकान संचालकों द्वारा ही केवाइसी करने में आनाकानी या लापरवाही बरती गई है, जिससे कई सदस्यों का केवाइसी नहीं हो पाया है। इधर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इस नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर संबंधित दुकान के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



फरवरी 2023 से प्रदेशभर में राशन कार्ड सदस्यों का ई-केवाइसी किया जा रहा है। यह कार्य अब तक जारी है। इसके बाद भी रायपुर जिले में 4 लाख 31 हजार 138 सदस्यों का अब तक केवाइसी नहीं हुआ है। विभागीय सूत्रों के अनुसार जिनका केवाइसी नहीं हुआ है, उनका नाम दिसंबर से राशन कार्ड से कटना शुरू हो जाएगा। इसके बाद इन सदस्यों को राशन नहीं मिल पाएगा।

### रायपुर केवाइसी में पिछड़ा एक को नोटिस जारी

जिले में रायपुर केवाइसी में सबसे पीछे है। रायपुर में 238 राशन दुकानें हैं। इनमें करीब 20 से 25 प्रतिशत दुकानों में ही 80 प्रतिशत से अधिक सदस्यों का केवाइसी हुआ है, जबकि शेष दुकानों में 80 प्रतिशत से कम केवाइसी हुआ है। जिन दुकानों में 80 प्रतिशत से कम केवाइसी हुआ है, उनमें भी 3-4 दुकानें ऐसी हैं जहां केवाइसी 60 प्रतिशत से भी कम है। विभाग ने कम केवाइसी का प्रतिशत वाली दुकानों को नोटिस देने की शुरुआत कर दी है। इसके तहत दुकान आईडी क्रमांक 441001276 के संचालक को छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की कंडिका-15 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### केवाइसी का विवरण

| | कुल सदस्य | केवाइसी हो चुका | शेष |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 1000301 | 733916 | 266385 |
| धरसींवा | 214610 | 179643 | 34967 |
| आरंग | 331308 | 291779 | 39529 |
| तिल्दा | 220432 | 191270 | 24791 |
| अभनपुर | 220432 | 194063 | 26369 |

### सख्त कार्रवाई करेंगे

जिन राशन दुकानों में पंजीकृत सदस्यों के केवाइसी का प्रतिशत कम है, उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा जा रहा है। नोटिस का जवाब नहीं देने या संतोषजनक नहीं होने की स्थिति पर दुकान के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

*- भूपेंद्र मिश्रा, जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर*

### इस कारण से भी नहीं हो पा रहा केवाइसी

केवाइसी कराने के लिए सदस्य का आधार कार्ड नंबर के साथ उसकी उंगलियों का फिंगर भी ई-पॉस मशीन में स्कैन किया जाता है। जिले में ऐसे कई सदस्य हैं जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है। ऐसे बुजुर्ग सदस्यों का फिंगर मशीन में मैच नहीं कर रहा है, जिसके कारण उनका केवाइसी भी नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा कई सदस्यों की मृत्यु भी हो चुकी है, जिनके नाम कार्ड से कटवाए नहीं गए हैं। इसके अलावा कई सदस्य शहर एवं राज्य छोड़कर भी चले गए हैं। इस कारण से केवाइसी नहीं कराने वाले सदस्यों का आंकड़ा जिले में ज्यादा दिखा रहा है।

# निलंबन की पहली सूची में शामिल दूसरी लिस्ट आते ही कट गया नाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- जीएमएस में रैगिंग का मामला, नाम हटने पर सवाल

जीएमएसी रायपुर में रैगिंग का मामला निलंबन के बाद ठंडा हो गया है, मगर दस दिन के लिए निलंबित एक छात्र का नाम दूसरी सूची से गायब होने की वजह से कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। कालेज में हुई उच्च स्तर की बैठक में घटना में दो के बजाए पांच के शामिल होने की पुष्टि कर एक माह निलंबन की कार्रवाई की गई है। इसमें से पुरानी कार्रवाई की चपेट में आए एक छात्र को बाहर किया गया है।

जानकारी के अनुसार चार अक्टूबर को रैगिंग के आरोप में अंशु जोशी और दीपराज वर्मा को दस दिन के लिए कक्षा और क्लीनिकल कार्यों से बाहर किया गया था। इस कार्रवाई पर बवाल हुआ, तो दूसरे दिन पुनः कालेज प्रबंधन की एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक हुई।



इसमें पांच छात्रों को एक-एक माह के लिए निलंबित किया गया था। जिन छात्रों पर कार्रवाई की गई, उनकी सूची जारी होने के बाद एक फिर सवाल खड़े किए गए हैं। पांच छात्रों में दीपराज वर्मा का नाम है शामिल नहीं किया गया है। इस बारे में कालेज प्रबंधन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि दूसरी बार जब वृहद स्तर पर एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक हुई और प्रभावित विद्यार्थियों से बयान लिए गए, तो दीपराज का नाम नहीं आया था। इस स्पष्टीकरण के बाद पहले दौर में हुई कार्रवाई पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

### एम्स अस्पताल में किया भोजन वितरण



**रायपुर।** राउंड टेबल इंडिया संस्था द्वारा भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो राजधानी स्थित एम्स अस्पताल में बुधवार को सुबह से आयोजित की गई।

इस दौरान अस्पताल में मौजूद 500 से अधिक लोगों को भोजन वितरण किया गया। संस्था द्वारा प्रत्येक माह जनहित का कार्य किया जाता है। इस कार्यक्रम में संस्था के चेयरमेन विपुल अग्रवाल और सेक्रिटेरी अंकित जिंदल उपस्थित रहे।

# तीन एसटीपी, मल्टीलेवल पार्किंग सहित जोन-4 दफ्तर में सोलर पैनल प्रपोजल को मंजूरी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- निगम मुख्यालय ने 2 माह पूर्व शासन को 8 करोड़ का भेजा है प्रस्ताव

खारुन नदी में तीन अलग-अलग जगहों पर गंदा पानी साफ करने लगाये गये एसटीपी, मल्टीलेवल पार्किंग और जोन 4 दफ्तर में लगने वाले सोलर पैनल के प्रस्ताव को मंजूरी का इंतजार है। राज्य शासन को नगर निगम मुख्यालय से 2 माह पूर्व 8 करोड़ रुपए का पप्रस्ताव मंजूरी के लिए भेजा गया। शासन स्तर पर इसकी मंजूरी लंबित होने से यह काम आगे नहीं बढ़ पाया है।

दरअसल, खारुन नदी में 17 नालों का गंदा पानी साफ करने लगाए गए तीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के भारी भरकम बिजली बिल बचाने नगर निगम सोलर प्लांट पैनल लगाने की तैयारी में है। इसके लिए 2.8 मेगावाट की बिजली बनाने




प्रस्ताव बनाया गया है, यह पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में होगा। प्रस्ताव को अमृत मिशन के अधिकारियों ने निगम के बिजली विभाग के पास आगे बढ़ाया। यहां से इसे परीक्षण के लिए क्रेडा भेजा गया। क्रेडा के समन्वय से सोलर प्लांट का कार्य कराने की योजना है।

विदित हो, कि अमृत मिशन के तहत खारुन नदी में गिर रहे नालों के सीवरेज पानी को उपचारित करने कारा, निमोरा, चंदनीडीह में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का 2 साल में 16 करोड़ 32 लाख का बिजली बिल आया। नगर निगम ने इस बिल से राहत पाने विकल्प के तौर पर सोलर पैनल का प्रस्ताव तैयार कराया। और परीक्षण के लिए क्रेडा को भेजा गया। परीक्षण उपरांत क्रेडा के अधिकारियों ने अमृत मिशन के अधिकारियों के साथ मिलकर स्थल सर्वे किया। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि 3 एसटीपी के साथ ही नगर निगम जोन 4 कार्यालय और शहर के 2 मल्टीलेवल पार्किंग में बिजली बचत के लिए सोलर पैनल का प्रस्ताव बनाया गया है। सोलर पैनल लगने से बिजली के बिल में 30 फीसदी तक बचत होगी।

### मंजूरी का इंतजार

खारुन में नालों का गंदा पानी साफ करने लगाये गए 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, मल्टीलेवल पार्किंग और जोन 4 दफ्तर में सोलर पैनल के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को मंजूरी के लिए भेजा गया है। 8 करोड़ के प्रस्ताव की मंजूरी शासन स्तर पर लंबित है।

*- अंशुल शर्मा, कार्यपालन अभियंता, नगर निगम रायपुर*

## बिजनेस साइट

### सीआईईटी में डॉ. बिमल चंद्र मल का व्याख्यान : शिक्षा में मानव मूल्य पर चर्चा

**रायपुर।** विगत दिनों छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. बिमल चंद्र मल ने कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईईटी) में 'शिक्षा में मानव मूल्यः समाज के समग्र विकास के लिए एक दृष्टिकोण' विषय पर व्याख्यान दिया।

इस कार्यक्रम में शिक्षा के भीतर मानवता, नैतिक जिम्मेदारी और सामाजिक चेतना जैसे मानवीय मूल्यों के समावेश के महत्व पर गहरा विचार किया गया, जो छात्रों और समाज के समग्र विकास को प्रोत्साहित कर सकते हैं। इस आयोजन में सीआईईटी के छात्र, संकाय



सदस्य और अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल हुए, जिनमें रविंदर सिंह हुरा, डॉ. एस.के. मौलिक, डॉ. अरुण दुबे, डॉ. रवींद्र कुमार पांडे, डॉ. सुरेंद्र सराफ, डॉ. अनीता धमलवार और आनंद श्रीवास्तव शामिल थे।

### एसआरयू ने भारत एजूकेशन एक्सपो 2024 में भाग लिया

**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय (एसआरयू) ने नोएडा, उत्तर प्रदेश में आयोजित भारत एजुकेशन एक्सपो 2024 में भाग लिया। एसआरयू लोककल्याण ट्रस्ट के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्याम सुंदर बजाज और ट्रस्ट के सचिव अतुल कुमार तिवारी भी इस एक्सपो में शामिल हुए।



एसआरयू के प्रो चांसलर हर्ष गौतम और रजिस्ट्रार डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने 143 रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की जानकारी दी और विभिन्न राज्यों से आए छात्रों और प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया। इस तीन दिवसीय शैक्षिक एक्सपो में करीब 50,000 से अधिक छात्र और प्रतिभागी शामिल हुए, जो शिक्षा और रोजगार के अवसरों की जानकारी प्राप्त करने के लिए एकत्रित हुए थे।

### डॉ. गुप्ता का 'मेरा स्वास्थ्य, मेरी ज़िम्मेदारी और मेरी प्राथमिकता' अभियान



**रायपुर।** आज के तेज-तर्रार जीवन में हम अक्सर अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देते हैं और उसे तब तक महत्व नहीं देते जब तक वह गंभीर समस्या का रूप न ले ले। इसी सोच को बदलने के लिए, डॉ. अनिल के. गुप्ता ने एक अहम पहल शुरू की है जिसका नाम 'मेरा स्वास्थ्य, मेरी ज़िम्मेदारी और मेरी प्राथमिकता' हैं। यह अभियान लोगों को यह समझाने का प्रयास करता है कि स्वास्थ्य सिर्फ एक शारीरिक अवस्था नहीं, बल्कि एक मानसिक और सामाजिक प्रक्रिया भी है, जिसे हर व्यक्ति को अपनी ज़िम्मेदारी के तौर पर अपनाना चाहिए।

## पेज 13 के शेष ...

### इस माह दूसरी ....

बिगड़ा है। दीपावली के बाद से पीएम 2.5 तथा पीएम 10 के स्तर में औसत से कई गुना ज्यादा वृद्धि हुई है। तीन दिन पूर्व 11 नवंबर को राजधानी में पीएम 2.5 का स्तर 46 से 112 तथा पीएम 10 का स्तर 86 से 110 के बीच रहा है।

### अभी बड़ा बदलाव नहीं ....

का दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 13 डिग्री अंबिकापुर का रिकार्ड किया गया है। रायपुर में अभी न्यूनतम तापमान 19.3 डिग्री दर्ज किया गया है।

### रेत खदान की ....

मामले में बता पाएंगे। गौरभाट रेत खदान की नीलामी का सोशल मीडिया में एक विडियो वायरल हुआ है। इस विडियो में रेत खदान को ठेके पर देने के लिए बोली लगवाई जा रही है। गांव में रेत खदान की नीलामी होने की खबर की पुष्टि गांव के सरपंच भागवत निषाद भी कर चुके हैं। उन्होंने हरिभूमि से बातचीत में बताया था कि गांव में पहुंचने के बाद उन्हें भी पता चला है कि उनके गांव की बस्ती में रहने वाले कुछ लोगों ने रेत खदान की नीलामी कर दी है। नीलामी करने वाले कौन लोग हैं, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। उन्होंने यह भी कहा था कि इस नीलामी के बारे में उन्हें या पंचायत को कोई जानकारी नहीं थी। जिस समय नीलामी की गई, उस समय वे स्वयं गांव में नहीं थे। **कलेक्टर के निर्देश पर जांच शुरू** : कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि खाद्य सहायक अधिकारी उमेश भार्गव के नेतृत्व में विभाग की टीम इस मामले की जांच कर रही है। जांच के दौरान खदान की नीलामी के लिए गांव के सरपंच, पंचों सहित गांव के अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही नीलामी का वायरल हुए विडियो की भी जांच की जाएगी।

### मेडिकल कालेजों के ....

अनुमति के लिए चिकित्सा शिक्षा संचालक तथा संचालक स्वास्थ्य सेवाएं को पत्र प्रेषित किया था। मामले में डीएमई की ओर से अनुमति प्रदान कर दी गई है और उनकी ओर से सभी अस्पताल अधीक्षक, महानिदेशक सिकल सेल संस्थान को पत्र प्रेषित किया गया है। अनुमति के अनुसार अस्पताल की डिस्पेंसरी में एक फार्मासिस्ट होने पर चार छात्र इंटर्नशिप कर सकेंगे। फार्मासिस्ट की संख्या अगर एक से अधिक है, तो प्रत्येक के पीछे दो अतिरिक्त छात्रों को अनुमति प्रदान की जाएगी। **देंगे अनुभव प्रमाणपत्र** : संबंधित संस्था ट्रेनिंग पूरी होने के बाद संबंधित फार्मेसी के छात्र को प्रेक्टिकल ट्रेनिंग फार्मेस में ट्रेनर फार्मासिस्ट के हस्ताक्षर के साथ पंजीयन का उल्लेख करते हुए अनुभव प्रमाण पत्र देगी। यह प्रमाण पत्र पढ़ाई पूरी होने के बाद संबंधित छात्र के फार्मेसी काउंसिल में पंजीयन के दौरान दस्तावेज के रूप में काम आएगा।

### स्मार्ट सिटी को .....

रायपुर को स्मार्ट सिटी के रूप में संवारने 8 वर्षों में करीब 790 करोड़ रुपए खर्च किए गए। इनमें से प्रमुख प्रोजेक्ट में 212 करोड़ का इंटेलिजेंस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम दक्ष, 27 करोड़ खर्च कर दो मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण, करोड़ से अंडर ग्राउंड केबलिंग के अलावा 130 करोड़ की लागत से शहर के 14 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति जैसे बड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं। इसके अलावा शहर के तालाबों का सौंदर्यीकरण का काम रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट में शामिल रहा। **शास्त्री बाजार, मटन मार्केट, स्मार्ट रोड पर चल रहा काम** : रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के रनिंग प्रोजेक्ट के रूप में शास्त्री बाजार में नवनिर्मित बहुमंजिला व्यवसायिक परिसर, मटन मार्केट और स्मार्ट रोड का बकाया काम शामिल है। इसी तरह 24 घंटे जल आपूर्ति के शेष कार्यों को जल्द पूरा करने स्मार्ट सिटी के एमडी अबिनाश मिश्रा ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

### प्रचार-प्रसार सेक्शन ...

पीआरओ सेक्शन में सन्नाटा पसरा है। हालाकि स्मार्ट सिटी की ओर से अस्थायी नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किए गए हैं, पर 3 माह के लिए आने के लिए आवेदक कतरा रहे हैं।




पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411







